लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



# दैनिक अमन लेखनी



ये योगासन आपको रखेंगे फिट.....

नियमित करो योग और रहो.......

वर्ष : 11 | अंक : 184 | लखनऊ, 21 जून, शनिवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# पंजे और लालटेन के शिकंजे ने बिहार को पलायन का प्रतीक बना दिया

## सीवान रैली में राजद-कांग्रेस पर बरसे प्रधानमंत्री मोदी

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के सिवान में विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन करते हुए कहा कि मुझे बिहार के लिए और कुछ करना है। मेरे इस विश्वास का कारण बिहार के आप सभी लोगों का सामर्थ्य है। आपने मिलकर बिहार से जंगलराज का सफाया किया है। यहां के हमारे नौजवानों ने तो 20 साल पहले के बिहार की बदहाली सिर्फ किस्सों और कथाओं में ही सुनी है। उन्हें अंदाजा ही नहीं है कि जंगलराज वालों ने बिहार की क्या हालत बना दी थी। जिस बिहार ने सदियों तक भारत की प्रगति को नेतृत्व दिया। उसको पंजे और लालटेन के शिकंजे ने पलायन का प्रतीक बना दिया था।

पीएम मोदी ने कहा कि मेरे बिहारी भाई-बहन कठिन से कठिन परिस्थिति में काम करके दिखा देते हैं। वो कभी अपने स्वाभिमान से समझौता नहीं करते। लेकिन, पंजे और लालटेन वालों ने मिलकर बिहार के स्वाभिमान को बहुत ठेस पहुंचाई है। इन लोगों ने ऐसी लूट-खसोट मचाई की गरीबी बिहार का दुर्भाग्य बन गई। अनेक चुनौतियों को पार करते हुए नीतीश जी के नेतृत्व में ठऊअ सरकार बिहार को विकास की पटरी पर वापस लाई है। और मैं बिहार वासियों को विश्वास दिलाने आया हूं कि हमने भले बहुत कुछ किया हो, करते रहे हैं, करते रहेंगे। लेकिन इतने से शांत होकर रहने वाला मोदी नहीं है। मुझे तो अभी बिहार के लिए और भी बहुत कुछ करना है।

## ओडिशा में भाजपा सरकार के एक साल पूरे

### पीएम मोदी ने राज्य को बताया भारत की विरासत का दिव्य सितारा, दी परियोजनाओं की सौगात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नयी ट्रेन सेवाओं और प्रधानमंत्री राजधानी क्षेत्र शहरी परिवहन (CRUT) प्रणाली के अंतर्गत 100 इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाई। इसके बाद जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज 20 जून का यह दिन बहुत विशेष है। आज ओडिशा की पहली भाजपा सरकार ने सफलता के साथ 1 साल पूरा किया है। ये वर्षगांठ सिर्फ सरकार की नहीं है, ये सुशासन की स्थापना की वर्षगांठ है। यह एक साल जनसेवा और जनविश्वास को समर्पित है। यह ओडिशा के करोड़ों मतदाताओं के विश्वास पर खरा उतरने के ईमानदार प्रयास का एक शानदार वर्ष है। मैं ओडिशा की जनता का, आप सभी का हृदय से अभिनंदन करता हूं। मैं मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और उनकी पूरी टीम को भी बहुत-बहुत बधाई देता हूं। आप सभी ने प्रशंसनीय काम करके ओडिशा के विकास को नई गति दी है। ओडिशा सिर्फ एक राज्य भर नहीं है, ये भारत की विरासत का दिव्य सितारा है। ओडिशा सैकड़ों वर्षों से भारतीय सभ्यता को, हमारी संस्कृति को समृद्ध करता रहा है। इसलिए आज जब विकास और विरासत का मंत्र भारत की प्रगति का आधार बना है, तब ओडिशा की भूमिका और बड़ी हो गई है। आज 20 जून का ये दिन बहुत विशेष है।

# उप्र: मुख्यमंत्री योगी ने लोक निर्माण विभाग की प्रमुख योजनाओं की समीक्षा की

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में लोक निर्माण विभाग की प्रमुख योजनाओं के क्रियान्वयन और आगामी रणनीति की समीक्षा की। बैठक में विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ राज्य के सभी जिलाधिकारी, विभिन्न विधानसभाओं के जनप्रतिनिधि और सम्बन्धित विभागीय अधिकारी डिजिटल माध्यम से शामिल हुए।

राज्य सरकार की एक प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि लोक निर्माण विभाग की प्रमुख 18 योजनाओं के तहत प्रदेश के सभी 75 जिलों से आगामी 30 जून तक प्रस्ताव अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाएं।

आदित्यनाथ ने कहा कि विकास का लाभ राजनीतिक क्षेत्रफल नहीं बल्कि स्थानीय आवश्यकताओं के आधार पर सुनिश्चित किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने समावेशी विकास की संकल्पना के मद्देनजर निर्देश दिया कि सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों को कम से कम दो-तीन योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ अवश्य मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों का भूमि पूजन या शिलान्यास स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कराया जाए ताकि विकास में जनभागीदारी की भावना सशक्त हो। आदित्यनाथ ने निर्देश दिया कि हर वर्ष प्रदेश के 50 प्रमुख धार्मिक स्थलों का चयन उसकी ऐतिहासिकता, महत्व एवं श्रद्धालुओं की संख्या के आधार पर किया जाए और इन स्थलों को जोड़ने वाले मार्गों के निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण को प्राथमिकता दी जाए। मुख्यमंत्री ने सड़कों की गुणवत्ता, मरम्मत और सुरक्षा पर विशेष बल देते हुए कहा कि प्रदेश के किसी भी मार्ग पर गड्ढे नजर नहीं आने चाहिए। मुख्यमंत्री ने बाढ़ और अतिवृष्टि से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों के लिए विशेष रणनीति अपनाने की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए कहा कि लघु सेतु और सड़कें अक्सर जलभराव के कारण क्षतिग्रस्त होती हैं, ऐसे में पूर्वानुमान के आधार पर पहले से ही प्रस्ताव तैयार कर भेजे जाएं, ताकि बरसात कम होते ही कार्य शुरू कराया जा सके।

## मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 42.c |
| न्यूनतम तापमान | 29.c |

## बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 7,177/ g |
| चांदी | 96/ g |
| सेंसेक्स | 82,530.74 |
| निफटी | 25,062.10 |

# एअर इंडिया हर सप्ताह 38 अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की कटौती करेगी

### तीन शहरों के लिए परिचालन निलंबित

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, एअर इंडिया ने बृहस्पतिवार को बताया कि विमानन कंपनी 21 जून से 15 जुलाई के बीच हर सप्ताह 38 अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की कटौती करेगी और तीन विदेशी मार्गों पर सेवाएं निलंबित रहेंगी। अहमदाबाद में 12 जून को हुए घातक विमान हादसे के बाद व्यवधानों से जूझ रही टाटा समूह के स्वामित्व वाली विमानन कंपनी ने कहा कि 18 अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर उड़ानों में कटौती करने का उद्देश्य शेड्यूल स्थिरता को बहाल करना और यात्रियों को अंतिम समय में होने वाली असुविधा को कम करना है। विमानन कंपनी ने एक दिन पहले कहा था कि वह बड़े यात्री विमानों से संचालित उड़ानों में 15 प्रतिशत की अस्थायी कमी करेगी, जिसके बाद यह विस्तृत घोषणा की गयी। एअर इंडिया ने एक बयान में कहा, यह कटौती 21 जून, 2025 से प्रभावी होगी और कम से कम 15 जुलाई 2025 तक चलेगी। दिल्ली-नैरोबी, अमृतसर-लंदन (गैटविक) और गोवा (मोपा)-लंदन (गैटविक) पर 15 जुलाई तक सेवाएं निलंबित रहेंगी। विमानन कंपनी के अनुसार, दिल्ली-नैरोबी मार्ग पर प्रति सप्ताह चार उड़ानें हैं, जबकि अमृतसर-लंदन (गैटविक) और गोवा (मोपा)-लंदन (गैटविक) मार्गों पर प्रति सप्ताह तीन उड़ानें हैं।

# महाराष्ट्र: उद्धव का भाजपा पर निशाना, शिंदे ने हिंदुत्व त्यागने के लिए की आलोचना

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार




नई दिल्ली, शिवसेना (उबाठा) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर उनके चचेरे भाई राज ठाकरे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के साथ गठबंधन की संभावना को खत्म करने की कोशिश करने का आरोप लगाया, जबकि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने हिंदुत्व को त्यागने पर ठाकरे पर निशाना साधा। उद्धव ने हिंदी फिल्म प्रहार का एक संवाद बोलते हुए गद्दारों को चुनौती दी। उद्धव, शिंदे के नेतृत्व वाले समूह को गद्दार कहते हैं, जो तीन वर्ष पहले उन्हें छोड़कर राज्य में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार में शामिल हो गया था। उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे दोनों ने ही 1966 में बाल ठाकरे द्वारा स्थापित शिवसेना के 59वें स्थापना दिवस का जश्न मनाने के लिए मुंबई में अपनी पार्टियों की रैलियों को संबोधित किया।

शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना का कार्यक्रम वर्ली के एनएससीआई डोम में आयोजित किया गया, जबकि शिवसेना (उबाठा) की रैली सायन क्षेत्र के षणमुखानंद हॉल में हुई। उन्होंने कहा, लोग जो चाहते हैं, वही होगा। हम दिखाएंगे कि यह कैसे किया जाता है। भाजपा और शिंदे सेना नहीं चाहती कि मराठी पार्टियां एकजुट हों। अगर आप ठाकरे ब्रांड को खत्म करने की कोशिश करेंगे, तो हम भाजपा को खत्म कर देंगे।

फिल्म प्रहार के मशहूर संवाद को दोहराते हुए ठाकरे ने कहा, फिल्म में नाना पाटेकर की तरह, मैं इन गद्दारों के सामने खड़ा हूं और उनसे कह रहा हूं, आओ, मुझे मार दो।

ठाकरे ने त्रिशूल फिल्म का नाम लिए बिना कहा, लेकिन अगर आप मुझ पर हमला करने की हिम्मत करते हैं, तो अमिताभ बच्चन अभिनीत फिल्म की तरह एम्बुलेंस लेकर आएं, क्योंकि आपका भी यही हश्र होगा।

शिंदे ने वर्ली में रैली के दौरान पलटवार करते हुए कहा, सिर्फ बड़ी-बड़ी बातें करना काफी नहीं है। आपको कलाइयों में ताकत की जरूरत है। पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा कि राज्य में हिंदी को किसी भी कीमत पर थोपने की इजाजत नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा निकाय चुनावों की पूर्व संध्या पर मराठी और हिंदी भाषी लोगों के बीच विभाजन पैदा करना चाहती है। उद्धव ठाकरे ने भरोसा जताया कि उनकी पार्टी मुंबई नगर निकाय पर अपना कब्जा बरकरार रखेगी। ठाकरे ने दावा किया कि भाजपा के पास अपनी कोई विरासत नहीं है और उसे सरदार वल्लभभाई पटेल की एक विशाल प्रतिमा स्थापित करनी पड़ी, जिन्होंने देश के गृह मंत्री रहते हुए आरएसएस पर प्रतिबंध लगाया था।

## संक्षिप्त समाचार

### पूरी दुनिया देख रही भारत की कूटनीति का जलवा

#### इजरायल से जंग के बीच ईरान ने फिर खोला ऑपरेशन सिंधु के लिए अपना एयरस्पेस

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, ईरान ने भारत के लिए अपवाद स्वरूप इजरायल के साथ बढ़ते तनाव के बावजूद भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए अपना हवाई क्षेत्र खोल दिया है। ईरान के मशहद से लगभग 1,000 भारतीय छात्रों को वापस लाने के लिए तीन महान एयर उड़ानों की व्यवस्था की गई है। इनमें से पहली उड़ान आज रात दिल्ली में उतरने वाली है। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को घोषणा की कि यह कदम भारत द्वारा ईरान से अपने नागरिकों को निकालने के लिए शुरू किए गए ऑपरेशन सिंधु के बाद उठाया गया है। यह मिशन क्षेत्र में तेजी से बिगड़ती स्थिति के मद्देनजर शुरू किया गया था, जहां ऐसी रिपोर्टें हैं कि तेहरान के केशावरज स्ट्रीट पर एक मेडिकल छात्र छात्रावास के पास हुए हमले में कई भारतीय छात्र घायल हो सकते हैं।

नई दिल्ली में ईरानी दूतावास के अधिकारियों ने पुष्टि की है कि उनका विदेश मंत्रालय घायल छात्रों के बारे में तेहरान में भारतीय मिशन के साथ सीधे संपर्क में है। हालाँकि, भारत सरकार ने अभी तक घायलों के बारे में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत विदेशों में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। अनुमान है कि वर्तमान में ईरान में 4,000 भारतीय रहते हैं, जिनमें से लगभग आधी आबादी छात्रों की है। मंगलवार को भारतीय अधिकारियों ने उत्तरी ईरान में रहने वाले 110 छात्रों को सीमा पार करके आर्मेनिया में प्रवेश करने में सहायता की। वहां से, वे तेहरान और येरेवन दोनों में भारतीय राजनयिक टीमों की देखरेख में येरेवन पहुंचे।

# ममता सरकार को झटका, हाईकोर्ट ने बर्खास्त स्कूल कर्मचारियों को सहायता देने पर लगाई रोक

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पश्चिम बंगाल सरकार से कहा है कि वह शीर्ष अदालत के आदेश के बाद बर्खास्त किए गए गैर-शिक्षण स्कूल कर्मचारियों को 26 सितंबर तक आर्थिक सहायता न दे। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने 2016 की भर्ती प्रतीक्षा सूची में शामिल उम्मीदवारों की याचिका के बाद नौकरी से निकाले गए ग्रुप-सी और ग्रुप-डी कर्मचारियों को भत्ते प्रदान करने के दिशा-निर्देशों को खारिज कर दिया। बंगाल सरकार के सहायता देने के फैसले पर अंतरिम रोक लगाते हुए जस्टिस अमृता सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार ग्रुप-सी और ग्रुप-डी कर्मचारियों को भत्ते नहीं दे सकती। यह रोक 26 सितंबर तक लागू रहेगी।

याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बावजूद अनियमितताओं के कारण बर्खास्त किए गए लोगों को 25,000 रुपये और 20,000 रुपये भत्ते प्रदान करना भ्रष्टाचार को पुरस्कृत करने के बराबर है। अदालत के इस फैसले को कई लोग ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली



सरकार के लिए झटका मान रहे हैं। हालांकि, कुछ लोगों का मानना है कि इस आदेश से राज्य को अस्थायी तौर पर कई करोड़ रुपये के वित्तीय बोझ से राहत मिली है। अदालत के हस्तक्षेप से न केवल भत्ते रुक गए हैं, बल्कि बर्खास्त कर्मचारियों से जुड़े सभी मामले न्यायिक जांच के दायरे में आ गए हैं। इससे राज्य सरकार को अपने रुख को अच्छे इरादे और कानूनी बाधाओं के बीच संघर्ष के रूप में पेश करने का मौका मिल सकता है - एक ऐसा कथानक जिसका इस्तेमाल वह अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले संभावित रूप से कर सकती है।

यह मुद्दा सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश से उपजा है, जिसमें 2016 के एसएससी पैनल के लगभग 26,000 उम्मीदवारों की नियुक्तियाँ रद्द कर दी गई थीं, जिनमें ग्रुप-सी और ग्रुप-डी के कर्मचारी शामिल थे। यह आदेश एक जांच के बाद आया, जिसमें कथित नकद-से-नौकरी घोटाले का खुलासा हुआ था। मई में, राज्य सरकार ने नौकरी से बाहर हुए ग्रुप-सी कर्मचारियों के लिए 25,000 और ग्रुप-डी कर्मचारियों के लिए 20,000 की मासिक सहायता की घोषणा की थी।

# उत्तर प्रदेश: डंपर से टकराई अनियंत्रित कार, पांच लोगों की मौत

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग दो पर बृहस्पतिवार शाम दूसरी लेन में चल रहे एक डंपर से अनियंत्रित आल्टो कार के टकराने की दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई है। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना कोखराज थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर ककोढा.गांव के सामने हुई। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि देर शाम प्रयागराज से कानपुर की ओर जा रही एक आल्टो कार ककोढा.गांव के सामने अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद दूसरी लेन में जाकर एक डंपर से टकरा गई। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में कार सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि हादसे में घायल एक महिला सहित दो लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। अधिकारी ने बताया कि दो मृतकों की पहचान फतेहपुर जिले के एमरा गांव के रहने वाले राज बहादुर (55) और आदित्य कुमार (35) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि शेष तीन लोगों की पहचान नहीं हो पाई है। अधिकारी ने बताया कि मृतकों के परिजनों को दुर्घटना की सूचना दे दी गई है और उनके आने के बाद ही बाकी के लोगों की पहचान हो सकेगी।

# देहरादून में दिव्यांग बच्चों ने बर्थडे पर गाना गाया, भावुक होकर रो पड़ीं राष्ट्रपति मुर्मू

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, उत्तराखंड के तीन दिवसीय दौरे पर आईं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार (20 जून) को उस समय भावुक हो गईं, जब देहरादून में राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान (NIEPVD) के छात्रों ने उनके 67वें जन्मदिन के अवसर पर एक विशेष जन्मदिन गीत प्रस्तुत किया। इस भावपूर्ण श्रद्धांजलि से राष्ट्रपति की आंखों में आंसू आ गए, क्योंकि छात्रों के भावपूर्ण प्रदर्शन को सुनते हुए वह अपनी भावनाओं को नियंत्रित करने के लिए संघर्ष कर रही थीं। इस पल की तस्वीरें और वीडियो जल्द ही सोशल मीडिया पर सामने आए, जिसे नेटिजन्स से व्यापक प्रशंसा और भावनात्मक प्रतिक्रियाएं मिलीं।

राष्ट्रपति मुर्मू ने सभा के प्रति अपनी गहरी प्रशंसा व्यक्त करते हुए कहा मैं अपने आंसू नहीं रोक पाई। उन्होंने अपने दिल से गाया और बहुत खूबसूरती से गाया। 19-21 जून के अपने दौरे के हिस्से के रूप में, राष्ट्रपति मुर्मू ने NIEPVD परिसर का दौरा किया, जहाँ उनका राष्ट्रपति निकेतन का उद्घाटन करने और सांस्कृतिक और शैक्षिक कार्यक्रमों की एक श्रृंखला में भाग लेने का कार्यक्रम है। वह परिसर के भीतर कई बुनियादी ढाँचे और विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करने वाली हैं। इसके अलावा, वह राष्ट्रपति निकेतन की जैव विविधता पर एक पुस्तक का विमोचन करेंगी, जो प्रशासन के स्थिरता और पर्यावरण जागरूकता पर ध्यान केंद्रित करने को रेखांकित करेगी। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत विभिन्न राजनीतिक नेताओं ने राष्ट्रपति को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# आकाशीय बिजली का कहर! उत्तर प्रदेश में बीजेपी नेता और चार बच्चों समेत 5 लोगों की मौत

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, पिछले कुछ दिनों में मौसम ने जोरदार करवट ली है। तेज हवाएं और रह रह कर बारिश हो ही है। आसमान में तेज बिजली भी चमक रही है। मौसम की मार से लोग काफी ज्यादा परेशान है। कौशांबी जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार देर रात आकाशीय बिजली गिरने से चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने मृतकों के शव कब्जे में लेकर उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सराय अकिल थाने के प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि जुगराजपुर गांव के चार बच्चे- सतीश कुमार (13), मनी (13), पवन दास और दीपांजलि बकरियां चरा रहे थे। इस दौरान तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरी और चारों बच्चे इसकी चपेट में आ गए। उन्होंने बताया कि झुलस गए इन बच्चों को परिजन तत्काल निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने सतीश और मनी को मृत घोषित कर दिया, जबकि पवन और दीपांजलि को प्राथमिक उपचार के बाद खतरे से बाहर बताया गया है।

अधिकारी के अनुसार इस घटना की जानकारी आपदा प्रबंधन विभाग को भेज दी गई है और मृतक बच्चों के परिजनों को आर्थिक सहायता दिलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। दूसरी घटना कौशांबी थाना क्षेत्र के तारा का पूरा गांव की है। क्षेत्राधिकार अभिषेक सिंह ने बताया कि तारा का पुरा गांव में तीन बच्चे- गोविंद (15), रूपा देवी (12) और मोहित (10) भैंस चराने गए थे, तभी आकाशीय बिजली गिर गई और तीनों बच्चे झुलस गए। सिंह ने बताया कि गोविंद की मौके पर ही मौत हो गई तथा रूपा की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मोहित का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। इससे पहले मथुरा के कृष्णा नगर इलाके में भारी बारिश के दौरान छत से बारिश का पानी साफ करते समय बिजली गिरने से 40 वर्षीय भाजपा नेता की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक भूषण वर्मा ने बताया कि मृतक, कृष्णा नगर भाजपा मंडल के सेक्टर प्रभारी बलराम सिंह, मंगलवार शाम को आंधी के दौरान छत पर जमा पानी को निकालने की कोशिश कर रहे थे, तभी बिजली गिर गई। वर्मा ने बताया, उनकी चीख सुनकर परिवार के सदस्य छत पर पहुंचे और उन्हें बेहोश पाया। रिश्तेदारों और पड़ोसियों के बार-बार प्रयास के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। बाद में एक निजी अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## जुलाई में पहली से तीसरी तक के बच्चों को मिलेंगी किताबें

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। जुलाई में जब परिषदीय स्कूल दोबारा खुलेंगे, तो पहली से तीसरी कक्षा के करीब 45 लाख बच्चों को नई पाठ्यपुस्तकें मिल जाएंगी। बेसिक शिक्षा विभाग ने सभी जिलों में इसकी आपूर्ति और वितरण की पूरी तैयारी कर ली है। ये किताबें एनसीईआरटी के नवीन पाठ्यक्रम पर आधारित हैं, जिन्हें प्रदेश की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) ने तैयार किया है। शैक्षणिक सत्र की शुरूआत में अप्रैल में जब बच्चे स्कूल पहुंचे थे, तब पहली से तीसरी तक की किताबें उपलब्ध नहीं थीं। हालांकि कक्षा चार से आठ तक की पुस्तकें अप्रैल में ही भेज दी गई थीं, लेकिन छोटे बच्चों को इंतजार करना पड़ा। अब विभाग ने सभी जिलों में समय रहते पुस्तकें पहुंचा दी हैं, ताकि स्कूल खुलते ही बच्चों को किताबें मिल जाएं।

# लोहे की टीन शेड में उतरे विद्युत करंट की चपेट में आकर महिला की मौत

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर में शुक्रवार को एक महिला की एयरपोर्ट द्वारा बनाई गई लोहे की टीन शेड युक्त बाउंड्री वॉल में उतरे विद्युत करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मूल रूप से रायबरेली के कुर्री सुदौली निवासी नसीरा (42) पिछले 15 वर्षों से सरोजनीनगर के चिल्लावां में अपनी बुआ मुन्नी व उनके बेटे नसीरे और आफताब के साथ शौकत अली के घर में किराए पर रहती थी। वह शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे घर से कुछ दूर जामुन पेड़ के नीचे जामुन बीनने गयी थी। तभी वह एयरपोर्ट वीआईपी रोड से चिल्लावां गांव को जाने वाले रास्ते के पास एयरपोर्ट द्वारा बनाई गई लोहे की टीन शेड युक्त बाउंड्री वॉल में उतरे विद्युत करन्ट की चपेट में आ गयी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उधर से गुजरे लोगों ने उसे जमीन पर मृत पड़ी देख इसकी सूचना परिजनों को दी। बाद में मामले से पुलिस को अवगत कराया गया। बताते हैं कि उसके बाएं हाथ की हथेली करंट लगने से झुलसी मिली। वहीं सूचना के बाद सरोजनीनगर पुलिस के साथ एसीपी कृष्णा नगर विकास पांडेय भी मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का जायजा लिया। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों के मुताबिक मृतका नसीरा जन्म से ही मंदबुद्धि होने के साथ अविवाहित थी और बचपन से ही वह अपनी बुआ के साथ रह रही थी। उसकी मां मेहरून की करीब 25 वर्ष पहले मौत हो चुकी है और पिता मुन्ना नगराम में अकेले रहते हैं।

घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ लग गई। लोग एयरपोर्ट प्रशासन को लेकर काफी नाराज दिखे। उनका कहना था कि रास्ते के पास लोहे की टीन शेड युक्त बाउंड्री स्थानीय लोगों के लिए खतरनाक साबित हो रही है। बाउंड्री वाल में अक्सर विद्युत करंट उतर आता है। जिसकी चपेट में आकर अब तक कई लोगों के करंट लग चुका है। इसको लेकर कई बार एयरपोर्ट प्रशासन से शिकायत की गई, लेकिन किसी ने नहीं ध्यान दिया। उधर घटना के बाद पुलिस ने उक्त लोहे की बाउंड्री वॉल के पास रस्सी बांधकर बैरिकेटिंग कर दी है। जिससे कि अब बाउंड्री वाल के पास कोई ना जा सके। वहीं उक्त क्षेत्र की विद्युत सप्लाई रोक कर बैरिकेटिंग में करंट कहां से उतरा, इसका पता लगाया जा रहा है।

# पेड़ पलटने से चार खंभे टूटे, एक दर्जन गांव अंधेरे में, बंद रही सप्लाई

अमन लेखनी समाचार



पेड़ पलटने से टूटा पड़ा बिजली खंभा

लखनऊ। शुक्रवार रात करीब नौ बजे मलिहाबाद के भतोइया और भिम्मा खेड़ा गांव के बीच सड़क के किनारे लगा एक आम का पेड़ अचानक भर भराकर पलट गया पलटने से बिजली सप्लाई बाधित हो गई। जिसकी चपेट में आने से 11 हजार हाई टेंशन लाइन के चार खंभे और तार क्षतिग्रस्त हो गए। इससे बिजली आपूर्ति व्यवस्था बेपटरी हो गई। गनीमत रही कि आसपास कोई नहीं था नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।

मलिहाबाद नगर पंचायत पावर हाउस चांदपुर फीडर से जुड़े भतोइया, गोंदा, गुलाल खेड़ा, नत्थाखेड़ा, सलामत खेड़ा, नई बस्ती, औलिया खेड़ा, धनाखेड़ा, खड़ौहां, संतनगर, चिहुंटा, भावाखेड़ा आदि गांव अंधेरे में इससे हजारों की आबादी भीषण गर्मी में बिजली व पानी के लिए परेशान चल रही। चांदपुर फीडर से जुड़े दर्जनों गांव कई घंटे से अंधेरे में घर के लोग बिजली-पानी के लिए परेशान। इससे पूर्व 33 केवीए लाइन में रसूलाबाद गांव के पास सड़क किनारे फाल्ट होने से बृहस्पतिवार रात 9 बजे से शुक्रवार दोपहर 12 बजे तक नगर पंचायत के सारे फि डरों और गांवों की बिजली सप्लाई बाधित रही थी, जिससे आम जनमानस भीषण गर्मी के चलते शुक्रवार को भी लोग खंभे पलटने से 24 घंटे से अधिक समय से बिजली पाने के लिए जूझ रहे हैं। खबर लिखे जाने तक विद्युत सप्लाई बहाल नहीं हुई थी।

इस संबंध में अवर अभियंता त्रिभुवन सिंह ने बताया की वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है जिससे कि कुछ गांवों की बिजली सप्लाई देर रात तक बहाल कर दी जाएगी।

# यूपी में अगले 24 घंटे में 19 जिलों को कवर करेगा मानसून

## लखनऊ समेत 65 से अधिक जिलों में भारी बारिश की चेतावनी

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। मानसून उत्तर प्रदेश के 56 जिलों में पहुंच चुका है। 24 घंटे में 19 जिलों को कवर करेगा। मौसम विभाग के मुताबिक, लखनऊ समेत 65 जिलों में अगले पांच दिन यानी 26 जून तक भारी बारिश की संभावना है। इस दौरान तेज हवा भी चलेगी। साथ ही कई जिलों में वज्रपात का भी अलर्ट जारी किया गया है।

वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पूर्वी यूपी में लगातार बारिश हो रही है। पूर्वांचल के कई जिलों में 24 जून तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। दो दिनों से हो रही बारिश और बादलों की आवाजाही के बीच अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। प्रदेश के किसी भी जिले में दिन का पारा 35 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि 21-26 जून के दौरान पश्चिमी क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है। इस दौरान 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है। मौसम विभाग का कहना है कि मानसून के प्रदेश के बड़े हिस्सों में आगे बढ़ने के साथ गुरुवार और शुक्रवार को लखनऊ समेत खीरी, श्रावस्ती, बाराबंकी, उन्नाव, हमीरपुर और सीतापुर में कहीं-कहीं भारी बारिश दर्ज की गई, जिससे अधिकतम तापमान में काफी गिरावट रही। झांसी में दिन का पारा रिकार्ड 28.7 सेल्सियस दर्ज किया गया, जो प्रदेश में सबसे ठंडा रहा। लखनऊ का दिन का पारा 35 डिग्री सेल्सियस और रात का 25 डिग्री रिकार्ड किया गया। भीषण गर्मी झेलने के बाद अब लोगों को काफी राहत मिल रही है। यह सिलसिला अगले पांच-छह दिनों तक जारी रहेगा। उत्तर प्रदेश सरकार 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अनुसार नगर विकास विभाग ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में 100 से ज्यादा योग पार्क बनाए हैं। इन पार्कों में योग और स्वास्थ्य गतिविधियों के लिए सुविधाएं हैं। 21 जून 2025 को हजारों लोग यहाँ योग करेंगे। ये योग पार्क स्थानीय लोगों को योग और स्वस्थ रहने में मदद करेंगे।

# उत्तर प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी, 100 से अधिक योग पार्क विकसित

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप नगर विकास विभाग ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में 100 से अधिक योग पार्क विकसित किए हैं।

इन पार्कों में योग और संबंधित गतिविधियों के लिए सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। जहां 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून 2025 को हजारों की संख्यां में लोग एक साथ योग करेंगे। योग पार्कों को इस रूप में विकसित किया गया है, जहां स्थानीय लोग योग दिवस के बाद भी योग एवं अन्य स्वास्थ्यवर्धक गतिविधियां संचालित की जा सकेंगी।

### नगर विकास विभाग ने विकसित किए हैं 100 से अधिक योग पार्क

यूपी नगर विकास विभाग ने 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के लिए प्रदेश स्तर पर योग पार्कों का विकास किया है। इन योग पार्कों का विकास आयुष मंत्रालय के तय मानकों के अनुरूप किया गया है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' निर्धारित की गई है। इस थीम के अंतर्गत नगर विकास विभाग ने पूरे प्रदेश में स्थानीय नगर निकायों के माध्यम से 100 से अधिक योग पार्क स्थापित किए हैं। जहां योग दिवस के बाद भी पूरे वर्ष योग एवं अन्य स्वास्थ्यवर्धक गतिविधियां संचालित की जाएंगी। नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात के निर्देशों के मुताबिक प्रदेश के नगरीय निकायों में योग पार्क विकसित किये गये हैं। इनमें नगर निगम वाराणसी में शहीद उद्यान, बेनिया बाग पार्क, हरिश्चंद्र पार्क के साथ ही नमो घाट, अस्सी घाट और रविदास घाट पर भी योग किया जाएगा। इसी तरह नगर निगम आगरा में बल्केश्वर पार्क, सेंट्रल पार्क आवास विकास, कालिंदी पार्क और नगर निगम कार्यालय पार्क को योग पार्क के तौर पर विकसित किया गया है।

### स्वास्थ्यवर्धक गतिविधियों का होगा संचालन

नगर विकास विभाग ने राजधानी लखनऊ में गुलाब पार्क, स्वर्ण जयंती पार्क, झंडे वाला पार्क, ईडी पार्क जैसे 9 योग पार्कों को विकसित किया गया है। इसी क्रम में कानपुर नगर निगम ने भी नानाराव पार्क, बुद्ध पार्क, संजय वन और परशुराम वाटिका को योग पार्क बनाया है। सबसे ज्यादा योग पार्क झांसी नगर निगम ने लगभग 12 योग पार्क व मथुरा-वृदांवन में लगभग 8 योग पार्क विकसित किये गये हैं। जबकि अयोध्या और फिरोजाबाद में 3-3, गाजियाबाद में 10 योग पार्क विकसित किये गये हैं। नगर विकास विभाग ने जिलों के सभी जिलाधिकारियों, स्थानीय निकाय निदेशालय और नगर निगमों के आयुक्तों को निर्देश दिये हैं कि अंतर्राष्ट्रीय योग पार्कों में मूलभूत सुविधाओं जैसे स्वच्छ पेयजल, बैठने की व्यवस्था और योग प्रशिक्षण के लिए उपयुक्त स्थान को सुनिश्चित किया गया है। सीएम योगी आदित्यनाथ की यह पहल न केवल 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को यादगार बनाएगी, बल्कि योग को जन-जन तक पहुंचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### उत्तर प्रदेश में घरेलू सेवाओं में प्रशिक्षित होंगे युवा, योगी सरकार शुरू करेगी 'हुनर हाथ' योजना

उत्तर प्रदेश सरकार हुनर हाथ नामक एक नई योजना शुरू करने जा रही है जिसका उद्देश्य युवाओं को घरेलू सेवाओं में प्रशिक्षित करके आत्मनिर्भर बनाना है। इस योजना के तहत युवाओं को खाना बनाना सफाई करना और घरेलू उपकरणों का रखरखाव करना सिखाया जाएगा। प्रशिक्षण आवासीय और गैर-आवासीय दोनों रूपों में होगा। प्रशिक्षित युवाओं को एक डिजिटल पोर्टल से जोड़ा जाएगा जिससे नागरिक उनकी सेवाएं ले सकेंगे।

## धान की 66 प्रतिशत नर्सरी तैयार, अच्छे उत्पादन की उम्मीद

अमन लेखनी समाचार

लखनऊः मानसून की आमद के साथ प्रदेश में खरीफ सीजन की फसलों की बोआइ रफ्तार पकड़ रही है। इस बार धान, मोटे अनाज से लेकर दलहन-तिलहन में भी पिछले सत्र के मुकाबले तेजी दिख रही है। चालू सीजन में 14 जून तक 2.85 लाख हेक्टेयर से अधिक रकबे में धान की 70 प्रतिशत नर्सरी तैयार हो चुकी हैं। यह पिछले सीजन से 70 हजार हेक्टेयर अधिक है। जबकि 16 हजार हेक्टयर से अधिक में धान की बोआइ हो चुकी है, जबकि पिछले सीजन यह आंकड़ा साढ़े पांच हजार रहा था। इसी तरह इसी अवधि में ज्वार, बाजरा, मूंग, अरहर की बोआइ भी पिछले सीजन से ज्यादा रही है। 30 हजार हेक्टेयर में ज्वार और साढ़े पांच हजार हेक्टेयर में बाजरा बोया जा चुका है, जबकि 13 हजार हेक्टेयर से ज्यादा में अरहर की बोआइ हो चुकी है। इससे बेहतर उत्पादन की उम्मीद जताई जा रही है। कृषि विभाग द्वारा खरीफ सीजन में 33.04 लाख टन उत्पादन बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस बार 105.85 लाख हेक्टेयर में खरीफ की फसलों की बोआइ कराने की तैयारी है, जिससे 293.11 लाख टन उत्पादन हासिल करने का प्रयास किया जा रहा है। बीते साल खरीफ सीजन में 260 लाख टन का उत्पादन हुआ था। चालू सीजन में सरकार धान के क्षेत्रफल को थोड़ा कम कर बाजरा, ज्वार, श्री अन्न, मक्का, दलहन और तिलहन के क्षेत्रफल में बढ़ोतरी की योजना पर काम किया जा रहा है। अब पूरे प्रदेश में मानसून दस्तक दे चुका है और बोआइ की शुरूआत हो चुकी है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि 14 जून तक हुए आच्छादन के आंकड़े बेहतर परिणाम के संकेत दे रहे हैं। किसानों की सुविधा के लिए विभाग ने उर्वरकों आदि की पर्याप्त व्यवस्था की है।

# युवाओं को घरेलू सेवाओं में प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाएगी सरकार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने एक और नवाचारी पहल करते हुए युवाओं को घरेलू सेवाओं के क्षेत्र में प्रशिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग द्वारा जल्द ही 'हुनर हाथ' पायलट प्रोजेक्ट की शुरूआत पांच जिलों में की जाएगी, जिसका उद्देश्य कौशल के साथ रोजगार और समाज को विश्वसनीय सेवाएं उपलब्ध कराना है।

'हुनर हाथ' योजना के अंतर्गत चयनित युवाओं को खाना बनाना, घर की सफाई, देखभाल, घरेलू उपकरणों का रखरखाव जैसी सेवाओं में विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण आवासीय एवं अनावासीय दोनों रूपों में होगा। इसके अंतर्गत सरकारी एवं निजी प्रशिक्षण संस्थानों की साझेदारी से योजना को क्रियान्वित किया जाएगा। युवाओं को एक डिजिटल पोर्टल से जोड़ा जाएगा, जहां से आम नागरिक उनकी सेवाएं ले सकेंगे।

### युवाओं को घरेलू सहायकों के रूप में मिलेगा प्रशिक्षण

व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम के समक्ष अपर मिशन निदेशक प्रिया सिंह द्वारा इस महत्वाकांक्षी पायलट प्रोजेक्ट के संबंध में विस्तार से प्रस्तुति दी गई। प्रिया सिंह ने बताया कि 'हुनर हाथ' के माध्यम से घरेलू जरूरतों की पूर्ति के लिए प्रशिक्षित युवाओं का एक ऐसा प्लेटफॉर्म तैयार किया जाएगा, जिससे जनसामान्य को योग्य और कुशल सेवा प्रदाता सरलता से उपलब्ध हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक चरण में इस योजना को पांच जिलों में लागू किया जाएगा, जहां चयनित युवाओं को घरेलू सहायकों के रूप में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन युवाओं को भोजन पकाने, घर की साफ-सफाई, देखभाल सेवाएं, घरेलू उपकरणों का सामान्य रख-रखाव आदि घरेलू आवश्यकताओं से संबंधित विशिष्ट कौशल सिखाए जाएंगे। इस प्रशिक्षण में पब्लिक और प्राइवेट ट्रेनिंग पार्टनर के सहयोग से आवासीय एवं अनावासीय दोनों प्रकार की प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

### तैयार होगा भरोसेमंद सेवा नेटवर्क

मिशन निदेशक पुलकित खरे ने कहा कि 'हुनर हाथ' योजना न केवल युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान करेगी, बल्कि समाज की घरेलू स्तर की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भी एक भरोसेमंद सेवा नेटवर्क तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित युवाओं की जानकारी एक केंद्रीकृत 'हुनर हाथ' पोर्टल पर अपलोड की जाएगी, जिससे कोई भी नागरिक अपनी आवश्यकतानुसार स्थानीय स्तर पर इन प्रशिक्षित युवाओं की सेवाएं प्राप्त कर सकेगा।

### योजना को मॉडर के तौर पर किया जाएगा स्थापित

बैठक में प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने निर्देश दिए कि इस योजना में प्रशिक्षित युवाओं का डिजिटल डाटाबेस तैयार किया जाए और पोर्टल पर सेवाओं को वगीर्कृत करते हुए जनसामान्य के लिए सुलभ बनाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण की गुणवत्ता, सुरक्षा एवं सेवा मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए ताकि इस योजना को प्रदेश में एक मॉडल के रूप में स्थापित किया जा सके। बैठक में मिशन के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे और उन्होंने परियोजना के सुचारु क्रियान्वयन के लिए अपने सुझाव दिए।

### उत्तर प्रदेश में औद्योगिक क्रांति की ओर कदम, 16 जिलों में 144 प्लॉट्स की होगी ई-नीलामी

उत्तर प्रदेश सरकार 16 जिलों में 144 औद्योगिक प्लॉटों के आवंटन के लिए मेगा ई-नीलामी करने जा रही है। यूपीसीडा द्वारा 300 से 13197 वर्ग मीटर तक के प्लॉट आवंटित किए जाएंगे। मथुरा मैनपुरी और अमेठी सहित विभिन्न जिलों में औद्योगिक भूखंडों का आवंटन होगा।

## नौकरी के नाम पर धनउगाही करने में कंप्यूटर सहायक सेवा से पदच्युत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सचिवालय में तैनात कंप्यूटर सहायक निधि सिंह को नौकरी दिलाने के नाम पर धनउगाही करने, अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों में सेवा से पदच्युत कर दिया गया है। भ्रष्टाचार के इन आरोपों में निधि सिंह निलंबित चल रही थीं। शुक्रवार को इन्हें सेवा से पदच्युत करने का आदेश जारी किया गया। सचिवालय प्रशासन विभाग के विशेष सचिव फूल चंद्र ने निधि सिंह को सेवा से पदच्युत किए जाने का आदेश जारी किया है। निधि सिंह पर नौकरी दिलाने के नाम पर धनउगाही करने, शासन स्तर पर मिलीं कई अन्य शिकायतों तथा अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने का गंभीर आरोप लगा था। इन गंभीर आरोपों में दोषी पाई गई हैं। इस मामले में वर्ष 2022 से विभागीय कार्यवाही शुरू की गई थी।

# सिर में दर्द होने से महिला की मौत

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा में गुरुवार रात एक 38 वर्षीय महिला की सिर में दर्द होने से मौत हो गई। बताते हैं कि उसे अचानक सिर में दर्द उठा और उसका पति अस्पताल लेकर गया। जहां उसने दम तोड़ दिया। बंथरा के शिवाजी वार्ड निवासी दिव्यांग मोहम्मद इकरार के मुताबिक उसकी पत्नी राबिया बानो (38) के दो-तीन दिन से सिर में दर्द हो रहा था। उनकी दवा कराई जा रही थी। लेकिन गुरुवार रात अचानक सिर का दर्द बढ़ गया। इसके बाद राबिया के दिव्यांग पति मोहम्मद इकरार उसे पास के निजी अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसकी जांच शुरू की, लेकिन कुछ देर में ही राबिया ने दम तोड़ दी। इसको लेकर आसपास के लोग आश्चर्यचकित हैं। उनका कहना है कि ऐसी बीमारी से सभी लोग दहशत में हैं। उनका कहना है कि पिछले दिनों इसी तरह एक अधिवक्ता और उसके भाई की यहाँ अचानक मौत हो चुकी है। मृतका के परिवार में उसके दिव्यांग पति मोहम्मद इकरार के अलावा दो बेटी इकरा बनो और आलिया है।

# यूपी में औद्योगिक विकास को गति, 16 जिलों में 144 औद्योगिक भूखंडों की ई-नीलामी

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। उत्तर प्रदेश को उद्यम प्रदेश के तौर पर परिवर्तित कर रही योगी सरकार प्रदेश के 16 जिलों में 144 औद्योगिक प्लॉट्स के आवंटन के लिए मेगा ई-नीलामी करने जा रही है। सीएम योगी का स्पष्ट निर्देश है कि प्रदेश में नए उद्यम लगाने के लिए इच्छुक उद्यमियों को औद्योगिक प्राधिकरणों द्वारा न केवल भूमि उपलब्ध करायी जाए, बल्कि यह सुनिश्चित किया जाए कि पारदर्शी तरीके से प्रक्रिया को पूरा किया जाए। ऐसे में, उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) द्वारा मेगा ई-नीलामी की जो स्कीम पेश की गई है उसके जरिए 300 स्क्वेयर मीटर से लेकर 13,197 स्क्वेयर मीटर तक के प्लॉट्स के आवंटन की प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। इस प्रक्रिया के जरिए मथुरा, मैनपुरी, शाहजहांपुर, हमीरपुर, जालौन, झांसी, फतेहपुर, कानपुर, बांदा, बागपत, उन्नाव, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, हापुड़, वाराणसी व अमेठी में औद्योगिक भूखंड आवंटन का मार्ग प्रशस्त होगा। उल्लेखनीय है कि इसमें से बागपत में चिह्नित 5097.10 वर्ग मीटर का प्लॉट उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश एवं प्रोत्साहन नीति (यूपीआईआईईपीपी-2022) के अंतर्गत इन्वेस्ट यूपी अनुमोदित मेगा प्रोजेक्ट के लिए आरक्षित है। इन सभी प्लॉट्स के रिजर्व प्राइस तय हैं तथा इनके लिए 5 जुलाई तक आवेदन किया जा सकता है। सभी आवेदनों में से पात्र आवेदनों को चिह्नित कर 11 जुलाई को होने वाली मेगा ई-नीलामी प्रक्रिया में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा जिसके जरिए वह संबंधित प्लॉट्स की बोली लगा सकेंगे।

### अमेठी में होगी सर्वाधिक 33 प्लॉट्स की नीलामी

यूपीसीडा द्वारा तैयार की गई मेगा ई-नीलामी प्रक्रिया में प्रदेश के 16 जिलों में कुल 144 औद्योगिक भूखंडों की नीलामी का मार्ग प्रशस्त होगा। इसमें सर्वाधिक 33 प्लॉट्स अमेठी में नीलामी के लिए उपलब्ध होंगे। इसमें आईआईडीसी बंथरा में 300 स्वेंयर मीटर के प्लॉट्स सबसे छोटे हैं जिसमें प्रत्येक की रिजर्व प्राइस 16.47 लाख रुपए है। यहां पर लेदर गुड्स मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना हो सकेगी। जबकि सबसे बड़ा प्लॉट 13,197 स्क्वेयर मीटर का है जो कि कानपुर के मलवां स्थित है जिसकी रिजर्व प्राइस 3.74 करोड़ रुपए है और इसका उपयोग सामान्य केटेगरी के औद्योगिक इकाई लगाने में हो सकेगा। प्रक्रिया के जरिए मथुरा में 14, मैनपुरी में 11, शाहजहांपुर में 9, हमीरपुर में 9, जालौन में 8, झांसी में 4, पतेहपुर में 15, कानपुर में 9, बांदा में 3, उन्नाव में 7, सहारनपुर में 8, मुजफ्फरनगर में 4, हापुड़ में 7 तथा वाराणसी में 2 औद्योगिक प्लॉट्स की ई-नीलामी प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा जिससे नए औद्योगिक इकाइयों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त होगा।

### 5 जुलाई तक हो सकेगा आवेदन

यूपीसीडा द्वारा तैयार की गई योजना के अनुसार, मेगा ई-ऑक्शन में भाग लेने के लिए सभी इच्छुक आवेदनकर्ता कैटलॉग फीस, प्रोसेसिंग फीस व ईएमडी भुगतान 4 जुलाई तक कर सकते हैं। जबकि, सभी औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 5 जुलाई निर्धारित की गई है। इन सभी आवेदन की स्क्रीनिंग करने के बाद पात्र आवेदनकताओं को 11 जुलाई को होने वाली मेगा ई-नीलामी में हिस्सा लेकेर बोली लगाने का मौका मिलेगा। प्रपत्र डाउनलोड व पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और सारी प्रक्रिया ऑनलाइन ही पूरी की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए यूपीसीडा की आधिकारिक वेबसाइट और निवेश मित्र पोर्टल पर लॉगिन किया जा सकता है।

### सचिवालय में तैनात निधि सिंह को किया गया बर्खास्त, नौकरी दिलाने के नाम पर धनउगाही समेत लगे ये आरोप

लखनऊ सचिवालय में कंप्यूटर सहायक के पद पर कार्यरत निधि सिंह को नौकरी दिलाने के नाम पर धन उगाही और अनधिकृत अनुपस्थिति के आरोपों के चलते सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। सचिवालय प्रशासन विभाग ने यह आदेश जारी किया। निधि सिंह पर लगे आरोपों की जांच में सहयोग नहीं करने पर एकपक्षीय जांच के बाद यह कार्रवाई की गई।

## संक्षेप

### आर्थिक तंगी के चलते पति पत्नी के बीच हुआ विवाद पति ने अपनी गर्दन पर ब्लेड मारकर किया वार

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के देवगनमऊ गांव में एक दंपति के बीच आर्थिक तंगी को लेकर हुए विवाद ने गंभीर मोड़ ले लिया। शुक्रवार को कैलाश कठेरिया के पुत्र अजीत का अपनी पत्नी पायल से घरेलू खर्चों को लेकर झगड़ा हुआ। विवाद के दौरान दोनों के बीच मारपीट भी हुई।विवाद के बाद अजीत ने ब्लेड से अपनी गर्दन पर वार कर लिया। परिजनों ने उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सफीपुर पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस संबंध में सुब्रत नारायण त्रिपाठी के अनुसार मामले की जांच की जा रही है। प्राथमिक पूछताछ में पता चला है कि परिवार में आर्थिक तंगी को लेकर अक्सर झगड़े होते थे। परिजनों ने बताया कि अजीत पत्नी और बच्चों की जरूरतें पूरी न कर पाने के कारण मानसिक दबाव में था।पहले भी दोनों के बीच कई बार कहासुनी हुई थी, लेकिन स्थिति इतनी गंभीर नहीं हुई थी। फिलहाल अजीत जिला अस्पताल में भर्ती है। पुलिस चिकित्सीय रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगी।

### झमाझम हुई बारिश से गर्मी से मिली राहत, किसानों के खिले चेहरे

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गुरुवार दोपहर से शुक्रवार भोर तक पहली मानसूनी बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार जिले में करीब 30 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। बारिश के कारण अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। आपदा प्रबंधन अधिकारी भवाने प्रसाद ने बताया कि आने वाले दिनों में और बारिश की संभावना है। किसानों के लिए यह बारिश फायदेमंद साबित हो रही है। धान की बुवाई में सहूलियत होगी और मिट्टी में नमी से फसल की बढ़वार अच्छी होगी।बंगाल की खाड़ी में सक्रिय मानसूनी सिस्टम अब उत्तर भारत में सक्रिय हो रहा है। शहर के बाजारों और मोहल्लों में लोगों ने बारिश का आनंद लिया। बच्चों ने बारिश में खूब मस्ती की। कुछ स्थानों पर जलभराव की समस्या भी देखी गई। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। अगले 2-3 दिनों तक लगातार हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई गई है। कुल मिलाकर, उन्नाव में मानसून की दस्तक ने न केवल मौसम को राहतभरा बना दिया, बल्कि किसानों की उम्मीदों को भी मजबूती दी है। यदि आने वाले दिनों में बारिश इसी तरह जारी रही, तो खरीफ सीजन के लिए यह मौसम बेहद अनुकूल साबित होगा।

# आगरा एक्सप्रेसवे पर प्राइवेट बस में पीछे से घुसी कार, दरोगा की मौत, 6 घायल

अमन लेखनी समाचार




बांगरमऊ, उन्नाव। उन्नाव तेज रफ्तार अर्टिगा कार एक प्राइवेट बस में पीछे से घुस गई। हादसे में कार चला रहे यूपी पुलिस के दरोगा मनजीत सिंह (38) की मौके पर मौत हो गई। सिपाही समेत 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। अमेठी में तैनात दरोगा टीम के साथ लापता युवती को राजस्थान से बरामद कर लौट रहे थे। शुक्रवार सुबह 6 बजे आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर बांगरमऊ थाना क्षेत्र में हादसा हुआ। दरोगा मनजीत का शव स्टेयरिंग और सीट के बीच 30 मिनट तक फंसा रहा। राहगीरों ने लोहे की रॉड से बोनट तोड़कर शव निकाला। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह पिचक गया। 9 फीट की कार महज 6 फीट की रह गई। मृतक दरोगा मनजीत मूल रूप से लखनऊ के सर्वोदय नगर के रहने वाले थे। घायलों में एक हेड कॉन्स्टेबल, एक नाबालिग और उसके परिजन शामिल हैं, जिन्हें बांगरमऊ सीएचसी में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के वक्त कार की स्पीड 100 किमी प्रतिघंटा से ज्यादा थी।पुलिस के मुताबिक, अमेठी में तीन दिन पहले एक युवती की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। सर्विलांस टीम की मदद से युवती की लोकेशन राजस्थान में मिली थी। अमेठी कोतवाली पुलिस की एक टीम नाबालिग लड़की को बरामद करने के लिए दो दिन पहले राजस्थान रवाना हुई थी। टीम में कोतवाली के दरोगा मनजीत सिंह और हेड कॉन्स्टेबल प्रदीप तिवारी शामिल थे। टीम गुरुवार को युवती को बरामद कर लौट रही थी, तभी हादसा हो गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। राहगीर दौड़कर पहुंचे और घायलों को बाहर निकाला। लेकिन कार चला रहे दरोगा मनजीत सिंह स्टीयरिंग और सीट के बीच बुरी तरह फंस गए थे। थोड़ी ही देर में उन्होंने दम तोड़ दिया। उनका शव लगभग 30 मिनट तक वाहन में फंसा रहा। बाद में राहगीरों ने लोहे की रॉड से कार का बोनट तोड़कर शव बाहर निकाला।उन्नाव पुलिस के अनुसार, दरोगा के पास से उनका आईडी बरामद हुआ है। वे 2015 में यूपी पुलिस में भर्ती हुए थे। मूल रूप से लखनऊ के सर्वोदय नगर के रहने वाले थे। पिछले एक साल से अमेठी में तैनात थे। पुलिस ने दरोगा के परिजनों को सूचित कर दिया है। परिजन उन्नाव पहुंचे शव का पोस्टमार्टम के बाद परिजन अपनी ही कार से शव को लेकर वापस लखनऊ रवाना हो गए। दरोगा मनजीत सिंह लखनऊ के ल-31, सर्वोदय नगर में अपने परिवार के साथ रहते थे। मनजीत के पिता आरबी सिंह लखनऊ में अधिवक्ता है। मनजीत की 5 साल पहले उर्मिला वर्मा से शादी हुई थी। उनकी 2 महीने की एक बेटी भी है। मनजीत दो भाइयों में बड़े थे। सीओ बांगरमऊ अरविंद चौरसिया ने बताया कि एक्सीडेंट की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी हादसे में दरोगा की मौत हुई है अन्य घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जांच पड़ताल कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# 48 घंटे में पुलिस की मुठभेड़ में तीन लुटेरे गिरफ्तार, लूट का मॉल भी बरामद

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगाघाट थाना क्षेत्र में 18 जून को हुई लूट का मामला पुलिस ने 48 घंटे में सुलझा लिया है। पुलिस और स्वॉट टीम ने मुठभेड़ के बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गंगाघाट की कुसुम श्रीवास्तव के घर में 18 जून की रात अज्ञात बदमाशों ने लूटपाट की थी। बदमाशों ने चांदी की पायल, टप्स और नकदी समेत लाखों का सामान लूटा था। 20 जून की सुबह साढ़े पांच बजे पुलिस को सूचना मिली। आरोपी गंगा गैलेक्सी के सामने मरहला आजाद मार्ग पर मौजूद थे। पुलिस ने घेराबंदी की तो आरोपियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दो आरोपियों के पैर में गोली लगी।घायल आरोपियों में दीपक और देवेंद्र सिंह शामिल हैं। तीसरे आरोपी आशीष गुप्ता को भागते हुए पकड़ा गया। आरोपियों से दो तमंचे, कारतूस और लूटा गया सामान बरामद हुआ है। इसमें 10 जोड़ी चांदी की पायल, 50 चांदी के सिक्के, एक जोड़ी पीली धातु की टप्स और 21 हजार रुपये नकद शामिल हैं। जांच में पता चला कि मुख्य आरोपी दीपक, पीड़िता के घर में काम करने वाली नौकरानी का बेटा है।उसने ही अपने साथियों के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपी काफी समय से घर के बारे में जानकारी इकट्ठा कर रहे थे और मौके का फायदा उठाकर लूट को अंजाम दिया। घटना की जानकारी मिलते ही एएसपी अखिलेश सिंह मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की छानबीन की। उन्होंने बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की तत्परता और सटीक सूचना के चलते एक बड़ी वारदात टल गई और लूटकांड की गुत्थी सुलझा ली गई। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने कार्रवाई में शामिल टीम को सराहना पत्र देने की घोषणा की है। साथ ही फरार अपराधियों और लूटपाट में प्रयुक्त हथियारों की जांच के लिए फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।

# चार घरों में लगी आग हजारों की गृहस्थी जल कर राख

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर अंतर्गत लगी आग से चार घरों की गृहस्थी जल का खाक हो गई। क्षेत्रीय लेखपाल ने मौका मुआयना कर रिपोर्ट बनाकर शासन को सौंपी है।थाना क्षेत्र के गाँव कर्मी संतनगर में कल देर शाम भीषण आग लग गई। तेज हवा चलने के कारण आग ने तीन घरों को अपनी चपेट में ले लिया। आग सर्वप्रथम सुंदरा के घर से लगी। देखते-देखते आग ने ही पड़ोस के विनोद व गंगाराम पुत्र रामआसरे व रोहित कुमार पुत्र ननकऊ के घरों को आग ने चपेट में लिया। इन सभी के घरों में छप्पर रखे थे जिसके कारण आग में भयावाह रूप ले लिया। सर्वाधिक नुकशान विनोद के घर हुआ जिसमें उसके घर की सभी गृहस्थी जल कर राख हो गई। गाँव वालों के अनुसार सुंदरा की शादी अचलगंज थाना क्षेत्र में हुई है लेकिन करीब 10 दिन से अपने मायके में रह रही है। सरकारी



आवास की चाहत में उसने ही ऐसा कृत्य किया है। लेकिन जब सुंदरा से पूछा गया तब उसने कहा कि आग लगने के समय वह खेत गयी थी। फिलहाल पुलिस जांच में लगी है। क्षेत्रीय लेखपाल आनंद ने बताया नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट शासन को सौंप जा रही है।

# रेलवे अंडर पास में भरा पानी ग्रामीणों के आवागमन में परेशानी

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। पहली बारिश में रेलवे अंडरपास में भरा पानी, स्थानीय लोगों को हो रही परेशानी उन्नाव। जिले में पहली ही बारिश ने प्रशासन की तैयारियों की पोल खोल दी है। सफीपुर तहसील क्षेत्र के दरौली गांव के पास बने रेलवे लाइन के अंडरपास में बारिश का पानी भर जाने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह अंडरपास करीब 15 गांवों को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है। अंडरपास में जलभराव के कारण स्थानीय लोगों को मजबूरी में लंबा चक्कर लगाकर दूसरे रास्तों से अपने गंतव्य तक जाना पड़ रहा है।जानकारी के अनुसार, दरौली गांव के पास बना यह अंडरपास पीखी, नैनी, घेरा, ओसिया, दरौली समेत आसपास के पचास से अधिक गांवों के लोगों के लिए मुख्य संपर्क मार्ग का कार्य करता है। लेकिन पहली ही बरसात में अंडरपास में घुटनों से लेकर कमर तक पानी भर गया है। जिससे छोटे वाहन, साइकिल, बाइक व पैदल चलने वालों के लिए इस मार्ग से गुजरना लगभग असंभव हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि हर साल बरसात के मौसम में यही स्थिति पैदा हो जाती है। कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से इसकी शिकायत की गई, लेकिन आज तक कोई स्थायी समाधान नहीं हो पाया। अंडरपास की ऊंचाई कम होने और जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण हल्की बारिश में भी पानी भर जाता है। ग्रामीणों के मुताबिक, जब भी बारिश होती है, तब कई दिनों तक यह रास्ता बाधित रहता है।पीखी गांव निवासी रामलाल ने बताया कि बच्चों का स्कूल जाना मुश्किल हो जाता है। मरीजों को अस्पताल ले जाना भी चुनौती बन जाता है। रोजमर्रा के कामकाज के लिए लोगों को कई किलोमीटर का चक्कर लगाकर दूसरे रास्तों से जाना पड़ता है। बारिश का पानी जमा होने से कभी-कभी मवेशियों और छोटे वाहनों के फंसने की घटनाएं भी हो चुकी हैं। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से इस समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जलनिकासी की समुचित व्यवस्था कर दी जाए या अंडरपास की ऊंचाई बढ़ा दी जाए, तो यह समस्या हमेशा के लिए खत्म हो सकती है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के भैंसहरा गांव के बाहर स्थित आम के बाग में बुधवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब एक 19 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिला। मृतक की पहचान गांव निवासी नितिन पुत्र बिमलेश के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार, गांव के ही जगतपाल के आम के बाग में सुबह जैसे ही वह पहुंचा तो उसने नितिन का शव आम के पेड़ से लटका देखा। यह देख उसके होश उड़ गए और उसने तुरंत ग्रामीणों और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची सफीपुर पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।इस संबंध में थाना अध्यक्ष सुब्रत नारायण तिवारी ने बताया कि घटना के कारणों की जांच की जा रही है। परिजनों से पूछताछ की जा रही है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों की



तहरीर के आधार पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी। वहीं गांव में इस घटना को लेकर तरह-तरह की चचाएँ हैं। परिजनों का कहना है कि नितिन सुबह घर से निकला था, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटा। बाद में जब लोगों को बाग में शव लटका दिखा तो पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जिला निर्वाचन कार्यालय का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश नवदीप रिणवा द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी तथा राजनैतिक पार्टी पदाधिकारियों की उपस्थिति में जिला निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा जनपद की समस्त विधानसभा क्षेत्रों के स्ट्रॉग रूम, सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम, सुरक्षा गार्ड रूम आदि देखे गए तथा स्ट्रॉग रूम में रखे वीवीपैट, बैलेट यूनिट, कन्ट्रोल यूनिट एवं सुरक्षा व्यवस्था आदि की जानकारी ली गयी। इस मौके पर उन्होने विगत दिनों के सीसीटीवी फुटेज तथा गार्ड रजिस्टर चैक किए तथा निर्देश दिए कि प्रत्येक कैमरा 24 घण्टे क्रियाशील रहना चाहिए। उन्होने कहा कि कैमरे हाई रिज्योलूशन के लगाए जाए ताकि स्पष्टता रहे। यह भी कहा कि स्ट्रॉग रूम में रखे वीवीपैट, बैलेट यूनिट एवं कन्ट्रोल यूनिट को इस प्रकार व्यवस्थित किया जाए ताकि वर्षा के दृष्टिगत सीलन तथा दीमक आदि कीटों से पूर्णतया सुरक्षित रहे। उन्होने निर्देश दिए कि स्ट्रॉग रूम में सुव्यवस्थित वायरिंग तथा प्रकाश की अच्छी व्यवस्था रखी जाए। सभी जगह अग्निशमन यंत्र चालू हालत में उपलब्ध रहें ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से आसानी से निपटा जा सके। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने पार्टी पदाधिकारियों से वार्ता करते हुए कहा कि अन्य देशों की अपेक्षा हमारे देश का निर्वाचन तंत्र बेहतर है। उन्होने अधिकारियों से कहा कि पार्टी पदाधिकारियों से मतदाता सूची संबंधी आवश्यक सुझाव प्राप्त कर अमल में लाते रहे ताकि मतदाता सूची को लेकर किसी भी प्रकार का मतभेद न रहे।

उन्होने गार्ड रजिस्टर अवलोकित करने के दौरान पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर को निर्देशित करते हुए कहा कि यह अत्यन्त संवेदनशील जगह है इसलिए यहां की सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। जिन गार्डस की यहां पर ड्यूटी लगायी जाती है वह निर्धारित अवधि में वहां रूकते है या नहीं, यह भी सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुशील कुमार गोंड, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शौर्य अरोडा, अपर पुलिस अधीक्षक प्रेम चन्द्र, सहायक निर्वाचन अधिकारी आशुतोष मिश्रा, उप जिलाधिकारी सदर क्षितिज द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी सदर सोनम सिंह सहित अन्य अधिकारी/ कर्मचारी गण एवं विभिन्न राजनैतिक पार्टियों के पदाधिकारी गण आदि उपस्थित रहे।

# सड़क दुर्घटना में व्यापारी की दर्दनाक मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। कस्बा औरास के प्रमुख व्यवसायी विजय निगम के 25 वर्षीय पुत्र दीपक निगम की सड़क हादसे में मौत हो गई। दीपक निगम होंडा, पेस्टिसाइड और ई-रिक्शा समेत कई व्यवसायों के मालिक थे। शेयर आउटर रिंग रोड से कार अनियत्रिंत हो कर खाई में गिरी। बृहस्पतिवार को दीपक निगम नीलामी की गाड़ियां खरीदने लखनऊ के गोमती नगर गए थे। वहां से कार खरीदकर अपने साथियों के साथ वापस लौट रहे थे। देर रात लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे और आउटर रिंग रोड पर उनकी कार का हादसा हो गया।बृहस्पतिवार को दीपक निगम नीलामी की गाड़ियां खरीदने लखनऊ के गोमती नगर गए थे। वहां से कार खरीदकर अपने साथियों के साथ वापस लौट रहे थे। देर रात लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे और आउटर रिंग रोड पर उनकी कार का हादसा हो गया। स्थानीय लोगों और साथियों ने तुरंत दीपक को लखनऊ के ट्रामा सेंटर पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दीपक की मौत की खबर सुनते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, दीपक एक मिलनसार और धार्मिक व्यक्ति थे। उन्होंने जंगलेश्वर महादेव मंदिर में गणेश महोत्सव की शुरूआत की थी। उनका शव ट्रामा सेंटर में रखा गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव को घर लाया गया शव को देखते ही परिजनो में चीख पुकार मच गई।

# जल निगम के पंपिंग मोटर में खराबी, जल आपूर्ति ठप

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। मगरवारा पंचायत में पिछले दो दिनों से जल संकट की स्थिति बनी हुई है। पंचायत घर के सामने स्थित जल निगम के पंपिंग स्टेशन की मोटर में तकनीकी खराबी के कारण पूरे क्षेत्र में जल आपूर्ति रुक गई है। जल निगम की पाइपलाइन से जुड़े लगभग 200 घरों को पीने, नहाने और दैनिक कार्यों के लिए पानी नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों को दूर के हैंडपंप या निजी बोरिंग से पानी लाना पड़ रहा है। कई परिवारों को रात में भी पानी भरने के लिए जागना पड़ रहा है।स्थानीय निवासी रेखा देवी ने बताया कि गर्मी के मौसम में यह स्थिति बेहद परेशान करने वाली है। बच्चों को नहाने के लिए पानी नहीं मिल रहा है। पीने के लिए पानी उबालकर इस्तेमाल करना पड़ रहा है।जल निगम के तकनीकी सहायक मनोज कुमार के अनुसार, मोटर की वायरिंग में शॉर्ट सर्किट की समस्या है। मोटर चालू करते ही फॉल्ट हो जाता है। टीम या तो मोटर को बदलेगी या वायरिंग की मरम्मत करेगी। यह समस्या केवल मगरवारा तक सीमित नहीं है। क्षेत्र के अन्य गांवों में भी गर्मियों के दौरान जल संकट की स्थिति बनती रहती है।

# थाना परिसर में फोटो खींचना पड़ा महंगा, जमकर हुई धक्का मुक्की

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार में अधिवक्ता को ऑफिस एवं सीसीटी एन एस आफिस की फोटों खींचना उस समय उनको महंगा पड़ गया जब मना करने के बाद भी नहीं माने तो पुलिसकर्मी मारपीट एवं छीना झपटी करने लगी। इससे नाराज अधिवक्ता अपने साथी अधिवक्ता के साथ थाना परिसर में धरने में बैठ गए। सूचना पर पहुंचे सी ओ ऋषिकांत शुक्ला, थाना अध्यक्ष बीघापुर राजपाल, बारा सगवर धर्मेंद्र नाथ मिश्रा भी पहुंच गए।

शुक्रवार को सुबह करीब दस बजे ट्रक चालक शहंशाह, खलासी नीरज निवासी प्रतापगढ़ के रानीगंज क्षेत्र के जमुहारी ट्रक में लोहा लादकर छत्तीसगढ़ रायगढ़ से कोटद्वार जा रहा था उन्नाव लालगंज नेशनल हाईवे पर एक बाइक पर सवार दो युवक ट्रक को रुकवाया और कहा कि तुम्हारी नंबर प्लेट क्यों नहीं है। मैं फाइनेंसर हूं। इसके ट्रक चालक एवं बाइक सवार में वाद विवाद होने लगा। ट्रक चालक का आरोप है कि उक्त लोग मेरे 22000 ले लिया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक सवार दोनों युवकों एवं ट्रक सहित चालक एवं खलासी को थाने ले आए उसके बाद हाईवे के सीसीटीवी कैमरा चेक कराया। तथा पूछताछ में पैसे की बात पुष्टि नहीं हुई। चालक ने अपने अधिवक्ता भाई जो इलाहाबाद हाईकोर्ट में वकालत करतेप्रतापगढ़ के जमुहारी के रहने वाले आफताब को सूचना दिया वह अपने साथी अधिवक्ता उज्जवल तिवारी के साथ करीब दो बजे थाने पहुंच गए। और अपने भाई से बातचीत करने लगे बातचीत के बीच में ही उत्तेजित हो गए। और थाना कार्यालय एवं सी सी टी एन एस कार्यालय में काम कर रही महिला सिपाही की वीडियो बनाने लगे महिला सिपाही ने विरोध किया तो नहीं माने उसने उठकर मोबाइल पकड़ने का प्रयास किया तो धक्का दे दिया। फिर क्या था अन्य सिपाहियों ने गुस्से में दोनों के साथ मारपीट की। अधिवक्ता आफताब खान एवं उज्जवल तिवारी ऑफिस से बाहर निकलकर थाना परिसर में धरने में बैठ गए। उनका कहना था कि मैं बी डी ओ नहीं बना रहा था।

सी ओ बीघापुर ऋषिकांत शुक्ला ने बताया आपस में बैठकर समस्या का समाधान हो गया।

उक्त चार लोगों का शांति भंग में चालान कर पुलिस ने मा०न्याया० भेज दिया।

# तहसील परिसर में भरा पानी अधिवक्ताओ ने न्यायिक कार्य का किया बहिष्कार

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। तहसील मुख्यालय प्रांगण में बने अधिवक्ताओं के चैंबर में प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी पहले ही बरसात में पानी भर गया जिसको लेकर अधिवक्ता संघ ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार कर दिया तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन प्रांगण में बने अधिवक्ताओं के चैंबरों में प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी पानी भर गया शुक्रवार को तहसील प्रांगण पहुंचे अधिवक्ताओं ने देखा कि चैंबरों में पानी भर गया है आने जाने के रास्ते भी बंद हो गए हैं बीघापुर बार एसोसिएशन संघ के अध्यक्ष मोहनलाल यादव व मंत्री मनीष कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में बैठक हुई चैंबरों में पानी भर जाने को लेकर प्रशासन के प्रति भारी रोज व्यक्त किया कि प्रतिवर्ष पानी भरता है प्रशासन केवल आश्वासन देता है कि हम मिटटी डलवा देंगे



खड़ंजा लगवा देंगे लेकिन पानी सूख जाने के बाद पुनः प्रशासन भूल जाता है अधिवक्ताओं ने मौखिक रूप से व प्रस्ताव के माध्यम से सभी न्यायालय में प्रस्ताव भेजा और कहा कि चैंबरों में भर रहे पानी की समस्या को दूर किया जाए नहीं तो अधिवक्ता गण अनिश्चितकालीन के लिए न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे अधिवक्ताओं ने निर्णय लिया कि आज शुक्रवार को चैंबरों में पानी भर जाने के कारण किसी भी न्यायालय में न्यायिक कार्य नहीं करेंगे इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता अमरनाथ बाजपेई अखिलेश प्रताप सिंह मोहन लाल यादव रमेश चंद्र वर्मा आदि लोग उपस्थित है।

# रेल हादसा टलने के बाद गैंगमैन और इंजीनियर की टीम मरम्मत कार्य में जुटी

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। रेलवे स्टेशन के पास दरौली मोड़ पर बीते दिन टले बड़े रेल हादसे के बाद रेलवे विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है। घटना स्थल पर आज सुबह से ही मरम्मत का कार्य तेजी से चल रहा है। रेलवे गैंगमैनों की टीम इंजीनियरिंग विभाग की निगरानी में ट्रैक की नींव को मजबूत करने और मिट्टी भराई का काम लगातार कर रही है। जिस स्थान पर पटरी के नीचे की मिट्टी धंस गई थी, वहां विशेष सावधानी बरती जा रही है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, बीते दिन ट्रेन संख्या 54336 सफीपुर से रवाना हुई थी और दरौली मोड़ के पास जब यह दुर्घटनास्थल पर पहुंची, तो 16 वर्षीय सृजन मिश्रा की सूझबूझ ने सैकड़ों यात्रियों की जान बचा ली। सृजन ने जैसे ही देखा कि पटरी के नीचे की मिट्टी धंसी हुई है, उसने तत्काल अपनी लाल टीशर्ट उतारकर लहराई और ट्रेन को रुकने का संकेत दिया।चालक ने समय रहते ट्रेन को रोक दिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। रेलवे इंजीनियरिंग स्टाफ तत्काल मौके पर पहुंचा। प्राथमिक मरम्मत के बाद ट्रेन को सुरक्षित निकाल लिया गया। लेकिन स्थायी समाधान के लिए पूरे क्षेत्र का गहराई से परीक्षण किया जा रहा है। हादसा टलने के बाद पूरी टीम लगातार निगरानी कर रही है। ग्रामीणों ने भी सृजन के साहस की भूरी-भूरी प्रशंसा की है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार पत्नी की मौत, पति घायल

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। थाना गंगाघाट क्षेत्र में एक 35 वर्षीय महिला की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। उसके पति को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शेखपुर निवासी प्रीति सिंह अपने पति जितेंद्र सिंह के साथ बाइक से अपनी बीमार मां से मिलकर लौट रही थीं। आजाद मार्ग चौराहा के पास पीछे से आए एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में प्रीति की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची थाना गंगाघाट पुलिस ने घायल जितेंद्र को अस्पताल भिजवाया। प्रीति के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस टक्कर मारने वाले फरार वाहन की तलाश में आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। चौराहे पर पर्याप्त रोशनी न होने से हादसे की संभावना बढ़ गई थी।दो बच्चों की मां प्रीति की शादी को 13 साल हो चुके थे। वह अपने परिवार के साथ शेषपुर में रहती थीं। दुर्घटना की खबर से परिवार में शोक की लहर है। परिजनों ने जिला अस्पताल पहुंचकर शव की पहचान की। थाना प्रभारी का कहना है कि जल्द ही वाहन की पहचान कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सम्पादकीय

# धीरे-धीरे पाक की जुबां पर आ रहा 'ऑपरेशन सिंदूर' का दर्द

धीरे-धीरे ही सही, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पड़ी मार का दर्द पाकिस्तान की जुबां पर आ रहा है। हालांकि शुरुआत में पाक ने भारत के हमले में एक खरोंच तक नहीं आने की बात कही थी। यहां तक कि पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी पाक संसद में तरह-तरह की डींगें हांक रहे थे कि पाक सेना ने ये किया, वो किया। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान आवाम की आंखों में धूल झोंकने के लिए शहबाज शरीफ सरकार ने वहां के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर को देश के सर्वोच्च सैन्य पद फील्ड मार्शल के पद पर भी पदोन्नत कर दिया, लेकिन अब पाकिस्तानियों का दर्द बाहर आ रहा है। भारत के खिलाफ प्रोपेगेंडा फैलाने में माहिर रहे नजम सेठी ने ही टीवी पर सच कबूला है। नजम सेठी ने कहा है कि इजरायल ने ईरान पर उसी तरह से हमला किया है, जैसा हमला भारत ने पाकिस्तान पर किया था और जैसा ड्रोन हमला यूक्रेन ने रूस के अंदर घुसकर किया था। नजम सेठी ने कहा कि ये जो सारा ड्रोन का चक्कर है ना, उस पर वेस्टर्न मिलिट्री एक्सपर्ट बहुत दिलचस्प बातें कर रहे हैं। इजरायल ने जो ड्रोन का इस्तेमाल किया है, उसका स्टाइल वही है, जैसा भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ किया था। अब इजरायली सेना ने ईरान के अंदर से ड्रोन लॉन्च किए हैं, जिसमें डिफेंस सिस्टम को बेअसर कर दिया है, ये सारा एक ही पैटर्न है कि रडार को जाम कर दो, उसे अंधा कर दो और फिर बेअसर कर दो। ये वही नजम सेठी हैं जो हर दिन भारत के खिलाफ जहर उगलते हैं, लेकिन अब कबूल कर रहे हैं कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भरतीय सेना ने पाकिस्तान के डिफेंस सिस्टम को पूरी तरह से तबाह कर दिया था, जिसके बाद पाक सरकार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समक्ष भारत से बचाने की गुहार लगा रही थी। असल में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर एक्शन लिया था। इसका मकसद केवल और केवल आतंकवाद की कमर तोड़ना था, लेकिन पाकिस्तान ने एक बार फिर नापाक हरकत करते हुए भारत के सैन्य ठिकानों और आम नागरिकों को निशाना बनाकर इसे दो देशों के बीच संघर्ष में बदलने का प्रयास किया। इसके बाद पाकिस्तान के रणनीतिक ठिकानों पर भारत का घातक हमला निर्णायक साबित हुआ। भारत ने सैन्य कार्रवाई के दौरान रणनीतिक रूप से पाकिस्तान की 20 प्रतिशत सैन्य क्षमता को तबाह करके कड़ा सबक सिखाया। भारत ने दुनिया को दिखाया है कि वह स्वदेशी तकनीक से नेटवर्क सेंट्रिक वारफेयर को अंजाम दे सकता और जीत सकता है। भारत ने पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम को नकारा बनाकर मनचाही जगहों पर सफलता के साथ हमले किए और प्रमुख रणनीतिक ठिकानों और संपत्तियों को तबाह कर दिया। संदेश साफ है कि हमारे पास पाकिस्तान को तबाह करने की सैन्य क्षमता और आधुनिक तकनीक है। अगर जरूरत पड़ेगी तो भारत इस क्षमता का इस्तेमाल करेगा। भारत ने पाक को अपनी ताकत का अहसास करवाने के बाद संघर्ष को एक तय सीमा पर सीमित करके समझदारी भी दिखाई। भारत ने पाक को साफ संदेश दिया है कि उसे आतंकी हमलों की कीमत इस हद तक चुकानी होगी, जो उसके लिए वहनीय नहीं होगी। संदेश दुनिया के लिए भी है कि अब भारत आतंकी हमलों पर साक्ष्यों के साथ समझाने का प्रयास नहीं करेगा बल्कि खुद आतंकवाद पर कड़ा प्रहार करेगा। इस ऑपरेशन से न केवल पाकिस्तान बल्कि पूरी दुनिया ने देख लिया कि नया भारत अपने फैसले खुद करेगा।



विचार
डॉ. संजय शुक्ला

# चिकित्सा क्षेत्र में नवाचार का विरोध क्यों?

पुडुचेरी के जवाहरलाल नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च सेंटर 'जेआईपीएमईआर' (जिपमर) में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने बताया कि केंद्र सरकार आधुनिक चिकित्सा विज्ञान 'एमबीबीएस' तथा पुरातन चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद के 'बीएएमएस' पाठ्यक्रम को मिलाकर एक नया कोर्स शुरू करने के बारे में विचार कर रही है। केंद्रीय मंत्री के इस बयान के बाद विभिन्न चिकित्सा संगठनों के बीच इस विचार के पक्ष और विपक्ष में व्यापक प्रतिक्रिया देखी जा रही है। एलोपैथिक डॉक्टरों के राष्ट्रव्यापी संगठन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन 'आईएमए' ने इस फैसले की आलोचना करते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया है तो वहीं आयुर्वेद चिकित्सकों के विभिन्न संगठनों ने इसे वर्तमान स्वास्थ्यगत चुनौतियों के मद्देनजर सामयिक और उचित फैसला करार दिया है। आईएमए का कहना है कि 'मिक्सोपैथी' न तो डॉक्टरों के लिए उपयोगी होगा और न ही यह मरीजों के लिए लाभदायक होगा। एलोपैथिक चिकित्सकों की दलील यह भी कि ऐसी ही व्यवस्था कुछ साल पहले चीन में लागू की गई थी लेकिन यह सफल नहीं हुआ। हालांकि चीन की जलवायु, खान-पान, रहन सहन और वहां के पुरातन चिकित्सा सिद्धांत और वनौषधियों की तुलना भारत के लिहाज से करना प्रासंगिक नहीं है। दूसरी ओर आयुष चिकित्सा संगठनों की दलील है कि वर्तमान नयी महामारियों और जीवन-शैली से जुड़े गैर संचारी रोग जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदयरोग और कैंसर के बढ़ते मरीजों के आंकड़ों के दृष्टिगत आधुनिक और आयुर्वेद चिकित्सा पद्धतियों का समन्वित उपचार पद्धति ज्यादा प्रभावी हो सकता है। इस दलील के पक्ष में चिकित्सकों ने पूर्व में हुए अनेक अनुसंधान और प्रयोगों का उदाहरण भी दिया है। अलबत्ता अंदरखाने की बात यह है कि केंद्रीय मंत्री का विचार फिलहाल शुरुआती प्रस्ताव है लेकिन इस मसले पर जिस तरह एलोपैथी और आयुष चिकित्सा संगठनों की बयानबाजी हो रही है वह "सूत न कपास जुलाहों में लट्ठमलट्ठा" कहावत को ही चरितार्थ कर रही है। बहरहाल एलोपैथिक और आयुष चिकित्सा पद्धतियों के बीच टकराव का यह कोई पहला वाकया नहीं है बल्कि पहले भी भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा आयुर्वेद चिकित्सकों को सर्जरी की अनुमति दिए जाने के निर्णय के खिलाफ आईएमए ने चौदह दिवसीय देशव्यापी रिले भूख हड़ताल किया था। नेशनल मेडिकल कमिशन 'एनएमसी' के डेंटल और आयुष डॉक्टरों के लिए ब्रिज कोर्स के बाद एलोपैथिक चिकित्सा पद्धति से उपचार के मान्यता संबंधी प्रस्ताव का भी चिकित्सा संगठनों ने विरोध किया था। दरअसल इस प्रस्ताव के जरिए आयोग की मंशा ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टरों की कमी को दूर करना था। इसके अलावा विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा बीएएमएस चिकित्सकों को अपने प्रेक्टिस में सीमित एलोपैथी दवाओं की अनुमति देने के खिलाफ भी एलोपैथिक चिकित्सा संगठनों ने पुरजोर विरोध किया था और अदालतों का दरवाजा भी खटखटाया है।अलबत्ता एमबीबीएस और बीएएमएस पाठ्यक्रम को मिलाकर नए मेडिकल कोर्स लागू करने के प्रस्ताव पर गौर करें तो केंद्र सरकार की मंशा मेडिकल कॉलेज और आयुर्वेद कॉलेजों में चल रहे एमबीबीएस और बीएएमएस पाठ्यक्रमों में छेड़छाड़ करने की नहीं बल्कि देश में एक नयी चिकित्सा प्रणाली विकसित करने की योजना है जिसमें आधुनिक और पुरातन चिकित्सा पद्धति का समन्वय होगा। सरकार के नये प्रस्ताव से न आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के अनुसंधान और विकास पर कोई फर्क पड़ेगा और न ही एलोपैथिक के बुनियादी सिद्धांत प्रभावित होंगे।

जानकारी के मुताबिक इस नए चिकित्सा पाठ्यक्रम में एलोपैथी और आयुर्वेद के जहां आरोग्य यानि प्रिवेंटिव हेल्थ केयर के विषय के साथ उपचारात्मक यानि क्यूरेटिव हेल्थ केयर व्यवस्था को शामिल करने की योजना है। यह प्रणाली केंद्र सरकार द्वारा घोषित 'नवीन राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति' के ढांचे के अनुरूप होगा जिसमें आरोग्य यानि वेलनेस को प्राथमिकता दी गई है। यह एक ऐसी संपूर्ण स्वास्थ्य प्रणाली यानि कॉम्प्रेहेंसिव हेल्थ केयर सिस्टम होगी जिसमें प्रिवेंटिव, क्यूरेटिव, प्रमोटिव, रिहेबेलेटिव, पैलेएटिव, कम्यूनिटी हेल्थ की पढ़ाई शामिल होगी। नये समन्वित चिकित्सा प्रणाली के खिलाफत के इतर अहम सवाल यह भी है कि चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में भारत सरकार के इस नवाचार का विरोध कितना न्यायसंगत और व्यवहारिक है? सैद्धांतिक तौर पर यह तथ्य सही है कि दोनों चिकित्सा पद्धतियों के सिद्धांत अलग अलग हैं लेकिन उद्देश्य मानव स्वास्थ्य ही है। इस तथ्य के मद्देनजर यह भी सच है कि आज भी भारत की एक बड़ी आबादी मौसमी बीमारियों से लेकर गैर संचारी रोगों में एलोपैथी के साथ आयुर्वेद पद्धति को अपना रही है जिसके सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने शोध में पाया है कि डायबिटीज टाइप - 2 के मरीजों में आयुर्वेदिक दवा बीजीआर-34 एवं एलोपैथिक दवा ग्लिबेंक्लामाइड के संयुक्त प्रयोग के परिणाम काफी अच्छे आए हैं बनिस्बत अलग-अलग सेवन करने के।




शोध में यह भी पता चला है कि आयुर्वेद और एलोपैथी के इन दोनों दवाओं को मिलाकर लेने से बुरे कोलेस्ट्रॉल में कमी आती है जिससे हार्ट अटैक का खतरा भी कम होता है। केवल डायबिटीज ही नहीं वरन उच्च रक्तचाप, हृदयरोग, पाचनतंत्र, सामान्य मौसमी बीमारियों से बचाव व नियंत्रण से लेकर कैंसर के उपचार में शामिल कीमोथेरेपी और रेडियोथेरेपी के दुष्प्रभावों को रोकने और सीमित करने में आयुर्वेद और योग काफी कारगर हैं।

अलबत्ता इसमें दो राय नहीं कि आधुनिक चिकित्सा विज्ञान यानि एलोपैथी ने जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व सफलता पाई है, क्रिटिकल केयर से लेकर सर्जरी व महामारियों में इसकी प्रभावकारिता हर कसौटी पर खरा उतरी है। दूसरी ओर आयुर्वेद सहित अन्य आयुष पद्धतियों ने भी रोगों से बचाव, नियंत्रण और उपचार में आश्चर्यजनक परिणाम दिया है, देश में औसत आयु की बढ़ोतरी में आयुष पद्धतियों ने भी महत्वपूर्ण योगदान सुनिश्चित किया है। सदियों से भारत की ग्रामीण स्वास्थ्य से लेकर महिला - शिशु स्वास्थ्य आयुर्वेद पर निर्भर रही है।भारत में समन्वित चिकित्सा पाठ्यक्रम की बात कोई पहली बार नहीं हो रही है बल्कि आजादी के पहले और स्वातंत्र्योत्तर भारत में सत्तर के दशक तक देश में आयुर्वेद के पाठ्यक्रम में एलोपैथिक और आयुर्वेद दोनों विषय शामिल थे और बकायदा इनके शिक्षण और प्रशिक्षण होते रहे हैं। साल 1970 में संसद द्वारा भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद अधिनियम 1970 लागू होने और आयुर्वेद शिक्षा के नियमन और नियंत्रण के लिए परिषद स्थापित होने के बाद आयुर्वेद शिक्षा यानि बीएएमएस के पाठ्यक्रमों में बदलाव हुए और अब भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा 'एनसीआईएसएम एक्ट 2020' लागू होने के बाद एक बार फिर से देश के आयुर्वेद शिक्षा पाठ्यक्रमों में व्यापक बदलाव हुए हैं और इस सिलेबस में आयुर्वेद के साथ ही एलोपैथिक विषयों को शामिल किया गया है।

गौरतलब है कि मोदी सरकार ने वैश्विक महामारी 'कोविड - 19' आपदा के दौरान संक्रमण से बचाव, उपचार और रिकवरी के लिए आयुर्वेद प्रोटोकॉल को मान्यता प्रदान की थी। सरकार के इस कदम से जहां आयुर्वेद और योग को वैश्विक पहचान मिली वहीं इसके अनुसंधान को भी वैज्ञानिक मान्यता मिली।कोविड संक्रमण से बचाव तथा एसिम्पटोमैटिक और माइल्ड संक्रमितों के उपचार आयुर्वेद सहित अन्य आयुष चिकित्सा पद्धतियां काफी प्रभावी साबित हुई तथा करोड़ों लोग लाभान्वित हुए। देश और दुनिया में बढ़ रहे गैर संचारी रोगियों की संख्या तथा नये महामारियों से बचाव के दृष्टिगत भारत सहित दुनिया में लोगों का रूझान आयुर्वेद और योग के प्रति बढ़ा है। पिछले साल हुए एक नेशनल सैंपल सर्वे में पता चला है कि एक साल में करीब 46 फीसदी ग्रामीण और 53 फीसदी शहरी आबादी ने किसी न किसी रूप में आयुष चिकित्सा पद्धति से उपचार कराया है। दरअसल हजारों साल पहले भी आयुर्वेद चिकित्सा विज्ञान बहुत ज्यादा सुव्यवस्थित और उन्नत था।प्राचीन काल में आयुर्वेदीय शल्य विधा काफी विकसित और वैज्ञानिक थी। इस पद्धति ने आधुनिक चिकित्सा पद्धति को औषधि और शल्य दोनों क्षेत्रों में नयी दिशा दी है।

आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति हजारों साल पुरानी है लिहाजा आधुनिक वैज्ञानिक युग में इसके नुस्खों और चिकित्सा सिद्धांतों को वैज्ञानिक कसौटी पर भी परखा जा रहा है। देश में आयुर्वेद दवाओं के गुणवत्ता के नियमन और अनुसंधान के लिए केंद्रीय और राज्य स्तर पर संस्थान और प्रयोगशालाएं संचालित हैं। बहरहाल यह ध्रुव सत्य है कि हर चिकित्सा पद्धति की अपनी सीमाएं हैं तथा कोई भी पद्धति अपने आप में पूर्ण नहीं है। चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में हुए अत्याधुनिक विकास और अनुसंधान के बावजूद अभी भी अनेक संक्रामक और गैर संक्रामक बीमारियों का उपचार आधुनिक चिकित्सा पद्धति में संभव नहीं हो पाया है इस लिहाज से विभिन्न पद्धतियों के परस्पर समन्वित चिकित्सा

## मौन रहना बहुत जरूरी इससे शुद्ध होती वाणी



संकलित
**दर्शन**

मौन रहना बहुत उपयोगी है। इससे हमारी वाणी शुद्ध होती है। गहन मौन रचनात्मकता की जननी है। जो व्यक्ति बहुत व्यस्त, चिंतित, अति महत्त्वाकांक्षी या सुस्त है, उससे कोई रचनात्मकता नहीं निकल सकती। हमें अपनी दिनचर्या में मौन रखने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन बहुत अधिक बोलने की भी आवश्यकता नहीं है। यदि आप कुछ समय मौन रखेंगे, तो आप बोलने से पहले सोचेंगे। यदि आप बोलते रहेंगे, तो आप स्वयं नहीं समझ पाएंगे कि आप क्या बोल रहे हैं। क्या आपने कभी देखा है कि आपकी वाणी का दूसरों पर क्या प्रभाव पड़ता है? अकसर हम इस पर ध्यान नहीं देते, हम बड़बड़ाते रहते हैं। हम बस इतना कहना चाहते हैं कि जो हम कहना चाहते हैं, वह कह दें और मुक्त हो जाएं। नहीं, आपको यह देखना चाहिए कि आपकी वाणी का दूसरों पर क्या प्रभाव पड़ता है। भगवद्गीता में एक सुंदर दोहा है, जिसमें कहा गया है, जो शब्द लोगों के मन को विचलित नहीं करते और जो सत्य हैं, सत्य जो कल्याणकारी है और जो सुखद है, ऐसे शब्द बोलने चाहिए। इसे वाणी का तप कहा जाता है। वाणी के लिए तपस (तपस्या) केवल वही शब्द बोलना है जो दूसरों के मन को झकझोर न दें। किसी के मन को विचलित न करें या उन्हें दुख न पहुंचाएं। इसलिए ऐसे शब्द बोलें जो सुखद, सच्चे और परोपकारी हों, लेकिन सुनिश्चित करें कि आप मनभावन झूठ न बोलें। अपने अप्रिय शब्दों से दूसरों के मन और दिल को न कुचलें।

## दूसरों के जलाए दीपक का कोई मूल्य नहीं होता



संकलित
**प्रेरणा**

एक साधु के आश्रम में एक युवक बहुत समय से रहता था। फिर ऐसा संयोग आया कि युवक को आश्रम से विदा होना पड़ा। रात्रि का समय है, बाहर घना अंधेरा है। युवक ने कहा, रोशनी की कुछ व्यवस्था करने की कृपा करें। उस साधु ने एक दीया जलाया, उस युवक के हाथ में दीया दिया और उसे सीढ़ियां उतारने के लिए खुद उसके साथ हो लिया और जब वह सीढ़ियां पार कर चुका और आश्रम का द्वार भी पार कर चुका, तो उस साधु ने कहा, अब मैं अलग हो जाऊं, क्योंकि इस जीवन के रास्ते पर बहुत दूर तक कोई किसी का साथ नहीं दे सकता है और अच्छा है कि मैं इसके पहले इससे विदा हो जाऊं कि तुम मेरे साथ के आदी हो जाओ। इतना कहकर उस घनी रात में, उसने उसके हाथ के दीये को फूंक मार कर बुझा दिया।

वह युवक बोला, यह क्या पागलपन हुआ? अभी तो आश्रम के हम बाहर भी नहीं निकल पाए, साथ भी छोड़ दिया और दीया भी बुझा दिया। उस साधु ने कहा, दूसरों के जलाए हुए दीयों का कोई मूल्य नहीं है। अपनी दीया हो तो अंधेरे में काम देता है, किसी दूसरे के दीये काम नहीं देते हैं। खुद के भीतर से प्रकाश निकले तो रास्ता प्रकाशित होता है और किसी तरह रास्ता प्रकाशित नहीं होता है। तो मैं निरंतर सोचता हूं, लोग सोचते होंगे कि मैं आपके हाथ में कोई दीया दे दूंगा, जिससे आपका रास्ता प्रकाशित हो जाए, तो आप गलती में हैं।



दिवस विशेष
मुरारी गुप्ता

# भारतीय स्वाधीनता के इतिहास का स्तंभ है हल्दीघाटी का युद्ध

हल्दीघाटी का युद्ध भारतीय इतिहास में केवल एक सैन्य संघर्ष नहीं, बल्कि भारतीय अस्मिता, स्वाभिमान और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए लड़ा गया गौरवपूर्ण अध्याय है। 18 जून 1576 को राजस्थान की वीरभूमि पर लड़ा गया यह युद्ध, मेवाड़ नरेश महाराणा प्रताप और मुगल सम्राट अकबर की सेना के बीच हुआ था। यद्यपि यह युद्ध केवल पांच घंटे चला, लेकिन इसके प्रभाव और ऐतिहासिक महत्व का विस्तार सदियों तक हुआ। वामपंथी इतिहासकारों और मुगल-प्रशंसकों द्वारा अकबर की विजय का नैरेटिव गढ़ा गया, किंतु ऐतिहासिक स्त्रोतों, प्रशस्तियों, शिलालेखों और समकालीन लेखकों की साक्ष्यात्मक गवाही इस बात की पुष्टि करती है कि इस युद्ध में महाराणा प्रताप विजयी रहे और मुगलों को गहरी रणनीतिक हार का सामना करना पड़ा। महाराणा प्रताप के सिंहासन संभालने के समय अकबर समूचे भारत को मुगल साम्राज्य की छाया में लाना चाहता था। राजस्थान के अधिकतर राजा मुगलों की अधीनता स्वीकार कर चुके थे, किंतु मेवाड़ अकबर के इस इस्लामी साम्राज्यवाद के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा था। प्रताप के पिता महाराणा उदयसिंह पहले ही अकबर की अधीनता अस्वीकार कर चुके थे। प्रताप ने अपने पूर्वजों की परंपरा का निर्वहन करते हुए स्वतंत्रता के मार्ग को चुना। अकबर ने चार बार समझौते के दूत भेजे लेकिन प्रताप ने हर बार संधि की शर्तों को ठुकरा दिया, क्योंकि उनमें दरबार में हाजिरी, कर चुकाना और मेवाड़ की स्त्रियों के साथ वैवाहिक संबंध शामिल थे। 18 जून 1576 को हल्दी घाटी में घमासान युद्ध प्रारंभ हुआ। यह युद्ध तीन चरणों में लड़ा गया। पहले चरण में महाराणा प्रताप की सेना ने मुगल सेना के अग्रभाग पर भीषण हमला कर उसे पीछे हटने पर विवश किया। हमीद खां और रघुनाथदास की अगुआई में मुगल पक्ष असहज होकर बनास नदी के पार तक भाग गया। दूसरे चरण में मुगलों की राजपूत टुकड़ियों को प्रताप की सेना ने पीछे हटने को मजबूर कर दिया। मुगलों के लिए सबसे बड़ा झटका तीसरे और अंतिम चरण में तब लगा जब प्रताप के सेनापति झाला मान सिंह ने स्वयं को प्रताप समझकर उनकी रक्षा करते हुए वीरगति पाई। प्रताप घायल हुए लेकिन चेतक ने उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया। बदायूंनी जैसे समकालीन मुस्लिम इतिहासकार लिखते हैं कि मुगल सेना न केवल युद्धभूमि से भागी, बल्कि वे प्रताप का पीछा करने का साहस भी नहीं कर सके क्योंकि उन्हें आशंका थी कि पहाड़ों में महाराणा घात लगाकर हमला करेंगे। हल्दीघाटी युद्ध के बाद महाराणा प्रताप ने मेवाड़ के गोगुंदा क्षेत्र को पुनः प्राप्त कर लिया। ऐतिहासिक शिलालेख और प्रशस्तियां जैसे रणछोड़ राय मंदिर प्रशस्ति, वैद्यनाथ मंदिर प्रशस्ति, और ओड़ा गांव का ताम्रपत्र इस बात का प्रमाण हैं कि प्रताप ने युद्ध के बाद न केवल मुगलों को पराजित किया बल्कि अपनी संप्रभुता पुनः स्थापित की। रणछोड़ राय प्रशस्ति में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि महाराणा ने रणभूमि में मान सिंह के साथ युद्ध कर उसे पराजित किया।

इतिहास में किसी भी युद्ध की विजय के तीन मानक होते हैं : पहला, विजेता शत्रु की भूमि और संपदा पर अधिकार कर ले, दूसरा शत्रु राजा की मृत्यु हो जाए या वह आत्मसमर्पण कर दे। और तीसरा पराजित राज्य विजेता का करदाता बन जाए। लेकिन हल्दीघाटी युद्ध के परिप्रेक्ष्य में देखें तो अकबर की सेना मेवाड़ की राजधानी गोगुंदा तक पहुंचने के बाद भी पूरे क्षेत्र पर अधिकार नहीं कर सकी। महाराणा प्रताप सुरक्षित रहे और उनका राज्य कायम रहा। वामपंथी इतिहासकारों ने हमेशा मुगलों को "सांस्कृतिक समन्वयक" और अकबर को "सद्भावना का प्रतीक" बताकर प्रस्तुत किया। जबकि तथ्य यह सिद्ध करते हैं कि अकबर के साम्राज्यवाद और धर्मांतरणवादी नीति के विरुद्ध प्रताप ने संघर्ष किया और भारतीय स्वाभिमान की रक्षा की। ऐसे में अकबर की विजय का नैरेटिव न केवल ऐतिहासिक रूप से झूठा है, बल्कि यह राष्ट्र की चेतना को विकृत करने का प्रयास भी है। हल्दीघाटी का युद्ध केवल एक वीरता की गाथा नहीं, बल्कि यह भारतीय स्वाधीनता के इतिहास का स्तंभ है।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) पर विशेष

# योग महज शारीरिक व्यायाम नहीं, मानसिक व आत्मिक संतुलन का जरिया भी

## 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' थीम पर मनाया जाएगा दिवस



लेखक --- मुकेश शर्मा

हिन्दी दैनिक अमन लेखनी लखनऊ

निरोगी, सुंदर और सुडौल काया पाने के लिए जीवन में योग को अपनाना बहुत जरूरी है। ऋषि-मुनियों ने भी शरीर को स्वस्थ और मन को शांत रखने का सबसे प्राकृतिक और प्रभावशाली तरीका योग को ही बताया है। योग बीमारियों की चपेट में आने से भी शरीर को बचाता है। इसका लाभ जन-जन तक पहुंचे, इसके लिए ही हर साल 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। इसके जरिए देश ही नहीं बल्कि दुनिया को जीवन में योग को अपनाने और बीमारियों से छुटकारा पाने के लिए प्रेरित किया जाता है, क्योंकि योग केवल एक शारीरिक व्यायाम नहीं है बल्कि यह एक मानसिक, भावनात्मक और आत्मिक संतुलन का माध्यम भी है। इस साल यह दिवस 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' थीम पर मनाया जा रहा है। इसे 21 जून को मनाये जाने के पीछे एक कारण यह भी माना जाता है कि इस दिन उत्तरी गोलार्ध में सबसे लम्बा दिन होता है, जिसका सीधा जुड़ाव लम्बी उम्र से माना गया है।

इस खास दिवस पर यह भी बताने की कोशिश की जाती है कि बीमारियों की गिरफ्त में आकर इलाज पर जमा पूँजी खर्च करने से लाख गुना बेहतर है कि हर दिन कुछ वक्त योग के लिए जरूर निकाला जाए। बीमारियाँ जहाँ खर्च का बोझ बढ़ाती हैं वहीं योग पूरी तरह से मुफ्त है। योग रोग प्रतिरोधक क्षमता का भी निर्माण करता है और कार्य क्षमता को बढ़ाता है। आज की भाग दौड़ भरी जिन्दगी में लोग अपने लिए या यूँ कहें कि योग के लिए वक्त न निकालकर तनाव, अवसाद, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज और मोटापा जैसी बीमारियों की गिरफ्त में आसानी से आ रहे हैं। इन सबसे सुरक्षित रहने के लिए योग, ध्यान, प्राणायाम और आसनों को अपनाकर स्वस्थ शरीर के साथ आंतरिक शक्ति को प्राप्त किया जा सकता है। इसलिए इस दिवस पर संकल्प लेने की जरूरत है कि- 'योग अपनाएंगे और बीमारियाँ दूर भगाएंगे।' खासकर युवाओं को तो निश्चित रूप से योग को अपनाना चाहिए क्योंकि योग एकाग्रता का भाव पैदा करता है। इससे वह अपनी मंजिल तक आसानी से पहुंचकर स्वस्थ और समृद्ध भारत के निर्माण में सहायक बन सकते हैं। स्कूल-कॉलेजों में खेल गतिविधियों के साथ ही योग, ध्यान और प्राणायाम को भी बच्चों के लिए अनिवार्य बनाए जाने की जरूरत है। योग बच्चों और युवाओं को मोबाइल की लत से उबारने में भी मददगार साबित हो सकता है।

आज के इस खास दिवस पर यह भी जानना जरूरी है कि योग किसी धर्म, संप्रदाय, जाति व देश की सीमाओं से न बंधकर सम्पूर्ण मानवता के लिए है। यह पूरी दुनिया को एक सूत्र में बाँधने का काम करता है। योग ने वैश्विक स्तर पर भी भारत को एक नई पहचान और प्रतिष्ठा दिलाने का काम किया है। सूर्य नमस्कार को आज हर किसी को अपनाने की जरूरत है क्योंकि यह शरीर को लचीला बनाने के साथ ही मोटापा को दूर करता है। इससे मन की एकाग्रता बढ़ती है और नकारात्मक भाव से बचाव भी होता है। इतना ही नहीं योग आत्मबल और आत्मविश्वास को बढ़ाने का भी काम करता है। इस तरह योग हमारे भारत को 'विकसित भारत' बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर सकता है।

(लेखक पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर हैं)

## ट्रेंड

### 'राहुल गांधी' की जरूरत



यह आरोप लगाने के लिए एक 'राहुल गांधी' की जरूरत है कि ईद पर एक हिंदू हनुमान मंदिर में गोमांस फेंकने में सक्षम है (इसके बावजूद कि मुस्लिम समुदाय ने स्वीकार किया है कि उनके कुछ गुमराह तत्वों ने ऐसा किया है)।
-हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम

### विकास का स्वर्णिम अध्याय



गुरुग्राम के मानेसर में भारत के सबसे बड़े गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल का उद्घाटन हम सभी के लिए हर्ष और गौरव का विषय है! हरियाणा की इस अग्रणी परियोजना से विकास का स्वर्णिम अध्याय आरम्भ होगा। इससे औद्योगिक मालवहन को नई गति और सुविधा प्राप्त होगी।
-नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा

### जनता देगी जवाब



भाजपा ने केन्द्र में अपने 11 वर्षों के कार्यकाल के बारे में जो अपार उपलब्धियाँ वर्णित की हैं वे देशहित में कितनी लाभदायक रही हैं, सही समय आने पर जनता खुद उनका जवाब दे देगी।
-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### प्रौद्योगिकी का मार्च अजेय



5 साल में 80 फीसदी कंटेंट एआई द्वारा तैयार और डिलीवर किया जाएगा, चाहे वह फिल्म, टीवी, या कोई अन्य वैरिएशन हो। प्रौद्योगिकी का मार्च अजेय है। जो बचेगा वह है कहानी सुनाना और कहानी सुनाने वाले।
-शेखर कपूर, फिल्मकार

## संक्षेप

### बिजली कटौती पर आप का प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच लंबी बिजली कटौती के विरोध में आम आदमी पार्टी ने प्रदेशव्यापी प्रदर्शन किया। इस क्रम में बुधवार को सुल्तानपुर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को सम्बोधित मांग पत्र जिलाध्यक्ष के माध्यम से सिटी मजिस्ट्रेट विदुषी सिंह को दिया है। जिलाध्यक्ष ने स्थानीय भाजपा विधायक पर तंज कसा, उन्होंने कहा एसी में बैठने वालों को कोई समस्या नहीं है। गरीब तबके से पूछे जो झोपड़ी में रह रहे हैं। उन्होंने कहा आप तो सबका साथ सबका विकास की बात करके आए थे क्या यही सबका विकास है। प्रदेश के कई जिलों में 10 से 12 घंटे तक बिजली कटौती की जा रही है। इससे आम जनता का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। घरों में पानी की सप्लाई बाधित है। बच्चों की पढ़ाई और व्यवसायिक गतिविधियां ठप हैं। किसानों को फसलों की सिंचाई में परेशानी हो रही है। इससे फसलें खराब हो रही हैं और आय प्रभावित हो रही है।

### क्यूआर कोड से 4.15 लाख की ठगी

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, एक जनसुविधा केंद्र संचालक को क्यूआर कोड के जरिए 4.15 लाख रुपये की चपत लगा दी गई। नाज इनफो टेक जनसुविधा केंद्र के संचालक रिजवान उल्ला खान के साथ यह वारदात 6 मई 2025 को शुरू हुई। आरोपी नीरज उर्फ ईशू सोनी और अभय सिंह ने पहले एक मरीज के इलाज के लिए 19,700 रुपये की मदद मांगी। रिजवान ने क्यूआर कोड से पेमेंट लिया और स्क्रीन पर ट्रांजेक्शन दिखने के बाद नकद राशि दे दी। 21 मई से आरोपियों ने बड़ी रकम निकालनी शुरू की। पहले दिन 24,740 रुपये लिए। 23 मई को अलग-अलग खातों से 1.38 लाख रुपये ट्रांसफर कराए। आरोपी अभय ने रिजवान को बताया कि उसका भाई मर्चेंट नेवी में है। 24 मई से 5 जून के बीच आरोपियों ने कई किस्तों में पैसे निकाले। 24 मई को 10,000 रुपये निकाले। 26 और 27 मई को 60-60 हजार रुपये लिए। 4 जून को 82,000 रुपये और 5 जून को 30,000 रुपये की निकासी की।

### बिजली कटौती के विरोध में सपा का प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, शहर में 14 घंटे बिजली मिलना टेढ़ी खीर बना है। स्थानीय विधायक कह रहे कि गर्मी में रहने की आदत डालो। ऐसे में बुधवार को समाजवादी पार्टी प्रशासन के निकम्मेपन और और विधायक के गैर जिम्मेदाराना बयान के विरुद्ध शहर की सड़कों पर उतर आई। जिससे विधायक खेमे में बेचैनी साफ देखी गई। बस स्टॉप से कलेक्ट्रेट तक बड़ी संख्या में सपाई नारेबाजी करते हुए निकले। सपाइयो ने हाथ से चलाने वाले पंखे प्रदर्शन में हाथों में ले रखे थे। सपाइयो ने भाजपा विधायक मुदार्बाद के नारे भी लगाए।

# छापेमारी में औद्योगिक इकाइयों में नहीं मिला अनुदानित यूरिया का प्रयोग

## जिला कृषि अधिकारी व उनकी टीम द्वारा की गई छापेमारी

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। जनपद में इंडस्ट्रीज कंपनियों में अनुदानित यूरिया के इस्तेमाल की सूचना पर गठित की गई टीम ने मौके पर पहुंचकर छापेमारी की लेकिन कहीं पर भी अनुदानित यूरिया का प्रयोग होते हुए नहीं मिला छापेमारी के दौरान अफरा तफरी का माहौल रहा।शासन के निर्देश के क्रम में जनपद की प्रवर्तन टीम द्वारा पिछले 10 दिनों में दो बार जनपद के औद्योगिक इकाइयों पर अनुदानित यूरिया के प्रयोग को रोकने के लिए आकस्मिक छापेमारी की गई। प्रवर्तन टीम में उप कृषि निदेशक डॉ विनय वर्मा, जिला कृषि अधिकारी डॉ सूबेदार यादव, जिला कृषि रक्षा अधिकारी प्रिया नंदा एवं अपर जिला कृषि अधिकारी ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव की टीम गठित की गई ह्न छापेमारी के दौरान जनपद की चारों चीनी मिल चिलवरिया चीनी मिल, नानपारा चीनी मिल, आईपीएल चीनी मिल जरवल एवं पारले चीनी मिल कैसरगंज एवं जनपद की प्लाइवुड इंडस्ट्री में छापे मारी की गई जहां किसी भी औद्योगिक इकाई में अनुदानित यूरिया का प्रयोग नहीं मिला। प्रवर्तन टीम के आकस्मिक निरीक्षण से औद्योगिक इकाइयों में हलचल मच गई। साथ ही जिला कृषि अधिकारी डॉ सूबेदार यादव ने जनपद के सभी औद्योगिक इकाइयों को कड़ी चेतावनी देते हुए निर्देशित किया कि यदि किसी भी औद्योगिक इकाई में अनुदानित यूरिया का प्रयोग पाया जाएगा तो संबंधित औद्योगिक इकाई पर उर्वरक नियंत्रण अधिनियम 1986 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कठोरतम कार्रवाही सुनिश्चित की जाएगी। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जिले में यूरिया की कालाबाजारी पर भी नजर रखी जा रही है।

# जेसीबी से करवाये गए मनरेगा कार्य को बीडीओ ने घोषित किया श्रमदान

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। मनरेगा के तहत 100 दिन काम मिलने के गारंटी की उड़ाई जा रही धज्जियां। ऐसे ग्राम पंचायत के मनरेगा मजदूर बाहर पलायन पर मजबूर। जिले के शिवपुर ब्लाक क्षेत्र के गांवों में श्रमिकों की जगह जेसीबी मशीन से मनरेगा में कार्य कराने की भरमार है। रायगंज ग्राम पंचायत में जेसीबी मशीन से मनरेगा में कार्य कराने तथा फजीर्वाड़े का मामला ठंडा भी नहीं हुआ था कि ब्लॉक क्षेत्र के बेतनिहा ग्राम पंचायत में जेसीबी मशीन चलाने का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों ने जेसीबी मशीन से नाला सफाई का वीडियो बनाकर खंड विकास अधिकारी को भेजकर कार्यवाही की मांग की है। स्थानीय लोगों ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा है कि गांव के श्रमिकों को काम पर न लगाकर जेसीबी मशीन से कार्य करवाया जाता है। मनरेगा में फजीर्वाड़ कर जिम्मेदार सरकारी धन की लूट कर रहे हैं। ऐसे में गांव के मनरेगा मजदूरों को कम न मिलने की वजह से मजदूरी के वास्ते उन्हें पलायन को मजबूर होना पड़ रहा है। खंड विकास अधिकारी अनुष्का श्रीवास्तव ने बताया है कि जिस कार्य पर जेसीबी मशीन चलाने का मामला सामने आया है उस कार्य को श्रमदान घोषित कर दिया गया है।

## जनपद में आयोजित होगा भव्य सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम

### सफल आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूर्ण

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून 2025 को स्थानीय इंदिरा गॉधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में वृहत योग संगम का कार्यक्रम प्रातः 06:00 बजे जन प्रतिनिधियों व शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा महेन्द प्रसाद अग्रवाल के सानिध्य में सम्पन्न होगा। यह जानकारी देते हुए क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ. राजन वर्मा ने बताया कि जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देशानुसार समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी स्वयं अपने स्टाफ के साथ योग संगम में प्रतिभाग करेंगे जिसमें विभिन्न विद्यालयों, स्पोर्ट्स स्टेडियम के बच्चे भी सम्मिलित होंगे। डॉ. वर्मा ने बताया कि प्रातः 06.30 बजे पर मोदी जी का लाइव उद्बोधन के पश्चात योग प्रोटोकॉल का शुभारंभ होगा। इसके साथ ही पुलिस लाइन, मरीमाता मंदिर, वृद्धाश्रम, जिला कारागार, शिक्षण संस्थानों, समस्त ब्लॉकों, समस्त तहसीलों व समस्त ग्राम पंचायत स्तर पर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों आदि पर योगा अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

# अज्ञात कारणों से लगी आग से रामपुर चौराहे पर जली तीन ढाबलियां



अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। जिले के खैरीघाट थाना निहित चौकी वैवाही क्षेत्र अंतर्गत रामपुर धोबिया चौराहे पर रखी मीट व्यवसाईयों की ढाबलियों मे गुरुवार शुक्रवार की रात में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिससे ढाबलियों सहित उसमे रखा छुटपुट सामान जल गया। मीट व्यवसायी रसूल अहमद ने बताया है कि लगभग दो बजे रात को चौराहे पर रहने वाले लोगों ने मुझे घटना के बारे मे बताया कि मोहरमली, कय्यूम व रसूल अहमद की ढाबालियों मे आग लग गई है। आनन फानन में आसपास के लोगों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। वहीं पीड़ित ने बताया कि हजारों का नुकसान हुआ है और आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। चौकी वैवाही पुलिस प्रतिदिन चौराहे पर रात्रिगस्त का हवाला दे रही है किन्तु आगजनी के समय चौराहे पर कोई दिखाई नहीं पड़ा।

# एआरटीओ कार्यालय के बाहर वर्चस्व को लेकर संचालकों के बीच जमकर हुआ विवाद

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। एआरटीओ कार्यालय के बाहर दो वाहन प्रशिक्षण संस्थानों के संचालकों के बीच जमकर विवाद और मारपीट हो गई। इस घटना से न सिर्फ कार्यालय परिसर में अफरा-तफरी मच गई बल्कि देखते ही देखते मामला हाथापाई और तोड़फोड़ तक पहुंच गया। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, उन्नाव में पहले से ही वाहन ट्रेनिंग सेंटर का संचालन कर रहे विनीत द्विवेदी और कानपुर से आए प्रदीप द्विवेदी के बीच विवाद हुआ। बताया जा रहा है कि प्रदीप द्विवेदी कानपुर से आकर उन्नाव में ट्रेनिंग सेंटर स्थापित करने की कोशिश कर रहे थे।इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। आरोप है कि इस दौरान विनीत द्विवेदी और उनके सहयोगियों ने प्रदीप द्विवेदी और उनके साथ आए लोगों से मारपीट की और उनकी दो कारों में तोड़फोड़ कर दी। मारपीट के चलते कार्यालय के बाहर मौजूद लोगों में भी हड़कंप मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची कोतवाली सदर पुलिस ने दोनों पक्षों को हिरासत में लेकर कोतवाली बुला लिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा पूछताछ जारी है। कोतवाली सदर प्रभारी अवनीश सिंह ने बताया कि, ह्लदोनों पक्षों के बीच ट्रेनिंग सेंटर के संचालन को लेकर विवाद हुआ है। फिलहाल दोनों पार्टियों के बयान लिए जा रहे हैं। वायरल हो रहे वीडियो की भी जांच की जा रही है। जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# प्रमुख सचिव अनिल कुमार सागर ने जनपद का किया भ्रमण

- ग्रामोद्योग कार्यालय, प्रशिक्षण केन्द्र व गाँधी आश्रम उत्पादन केन्द्र का किया निरीक्षण
- प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की लाभार्थी की मिनी फ्लोर मिल को देखा

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। प्रमुख सचिव, खादी एवं ग्रामोद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग तथा सार्वजनिक उद्यम विभाग, उ.प्र. शासन अनिल कुमार सागर ने जनपद भ्रमण के दौरान मण्डलीय खादी एवं ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र/जिला ग्रामोद्योग कार्यालय बहराइच पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यालय के निरीक्षण के दौरान श्री सागर ने कार्यालय व प्रशिक्षण के की साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव तथा विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रगति एवं अन्य व्यवस्थाओं को जायजा लिया तथा प्रशिक्षण की गुणवत्ता को सुधारने का निर्देश दिया। इसके पश्चात प्रमुख सचिव ने क्षेत्रीय श्री गाँधी आश्रम उत्पादन केन्द्र आमीनपुर, नगरौर पहुँचकर उत्पादन केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उत्पादन केन्द्र के प्रबन्धक द्वारा कच्चा माल की आपूर्ति बाधित होने की समस्या से अवगत कराया गया, जिसका त्वरित संज्ञान लेते हुये श्री सागर ने जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संजय कुमार वर्मा को तत्काल योजनाधिकारी से वार्ता कर समस्या का निवारण कराने का निर्देश दिया। जनपद भ्रमण के दौरान श्री सागर ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना की लाभार्थी श्रीमती सारिका सिंह की इकाई श्याम मिनी फ्लोर मिल का भ्रमण कर इकाई को योजनान्तर्गत प्राप्त सब्सिडी अनुदान का फीडबैक प्राप्त किया एवं इकाई द्वारा उत्पादित उत्पाद के विपणन के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सुझाव दिये।

# करंट लगने से मां बेटे की हुई मौत, परिवार में मातम

## पंखा लगाते वक्त हुआ हादसा

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत मुनीमपुर कलां गांव में एक परिवार पर शुक्रवार की सुबह दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा। सुबह की किरण चीख पुकार और मातम में बदल गई। मां बेटे के मौत की खबर सुनते ही ग्रामीण जनों का घटनास्थल पर तांता लग गया। सभी अचानक हुई इस घटना से हतप्रभ रह गए। थाना क्षेत्र के मुनीमपुर कलां गांव निवासी आलम आरा पत्नी जिब्राइल उम्र करीब 35 वर्ष, तथा ग्यारह वर्षीय बेटा इस्लाम अली करंट की चपेट में आ गए। मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मां बेटे अपने घर के एक कमरे में मौजूद थे। कमरे में रखा फराटा पंखा में अचानक बिजली का करंट आ गया। जिस कारण दोनों लोग करंट की चपेट में आ गए। जिससे दोनों लोगों की मौके पर मौत हो गई। थानाध्यक्ष सूरज कुमार राणा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर वैधानिक कार्यवाही पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं इस घटना से परिजनों में मातम का माहौल है।

# कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर ठगे 1.40 लाख

## अलीगढ़ में साइबर ठग लगातार लोगों को बना रहे शिकार, पुलिस ने कपड़ा व्यापारी को वापस कराई राशि

अमन लेखनी समाचार




अलीगढ़, साइबर ठगी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। खैर थाना क्षेत्र में साइबर ठगों ने कपड़ा व्यापारी के क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर उसके साथ ठगी की। आरोपियों ने ओटीपी लेकर कपड़ा व्यापारी के खाते से 1.40 लाख रुपए निकाल लिए। जब व्यापारी को ठगी का एहसास हुआ तो उसने तत्काल साइबर पुलिस को सूचना दी। शिकायत मिलने के बाद साइबर सेल की टीम तत्काल एक्टिव हो गई और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने पेमेंट रुकवाकर कपड़ा व्यापारी के रुपए वापस कराए हैं। इसके साथ ही भविष्य में एलर्ट रहने के लिए जागरुक किया है। खैर के गांव रुस्तमपुर निवासी गुलशन कुमार ने पुलिस को बताया कि बीते दिनों उनके पास अनजान नंबर से कॉल आई थी। आरोपियों ने खुद को एसबीआई के क्रेडिट कार्ड डिपार्टमेंट से बताया था और क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने की बात कही थी। इसके बाद आरोपी लगातार फोन पर बात करते रहे और पीड़ित से उसके खाते से जुड़ी गोपनीय जानकारी लेते रहे। ऑनलाइन केवाईसी करने के नाम पर उन्होंने ओटीपी ले लिया और क्रेडिट कार्ड से रुपए उड़ा लिए। उस समय रुपए निकलने का मैसेज नहीं आया और एक दिन बाद पीड़ित को पता चला। इसके बाद पीड़ित ने तत्काल थाने में शिकायत की। कपड़ा व्यापारी की शिकायत मिलने के बाद खैर थाने की साइबर सेल की टीम तत्काल एक्टिव हो गई। पुलिस ने पेमेंट गेटवे से संपर्क करके तत्काल पेमेंट को रुकवाया और व्यापारी के सारे रुपए उसे वापस करा दिए हैं। इसके साथ ही उसे भविष्य में ऐसा न करने की हिदायत दी है। वहीं साइबर पुलिस ने बताया कि ठग लोगों को तरह-तरह के झांसे देकर फंसाते हैं। इसलिए आमजन जागरुक रहें और फोन पर किसी को भी अपने बैंक से जुड़ी गोपनीय जानकारी न दें। अगर उन्हें बैंक संबंधी कोई काम है तो सीधे ब्रांच में संपर्क करें। फोन पर बात करने वाले लोग साइबर ठग हो सकते हैं।

# पुलिस लाइन का निरीक्षण

## आईजी प्रवीण कुमार ने नए चयनित पुलिसकर्मियों की व्यवस्थाएं परखीं

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, अयोध्या परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार ने अमेठी के गौरीगंज पुलिस लाइन का दौरा किया। उन्होंने पुलिस भर्ती 2023 में चयनित नए पुलिसकर्मियों के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आईजी प्रवीण कुमार ने रिक्रूट पुलिस बल के लिए बनाई गई बैरक, मेस, परेड ग्राउंड और अन्य बुनियादी सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण के समय पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा और क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्र मौजूद थे। इनके अलावा पुलिस उपाधीक्षक दिनेश कुमार मिश्र, प्रतिसार निरीक्षक और अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# पकड़ा गया बाइक चोरी का गैंग

## 4 आरोपियों के कब्जे से 10 बाइकें बरामद, अयोध्या और अम्बेडकरनगर के 2-2 चोर

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस ने अमहट चौराहे पर वाहन चेकिंग के दौरान चार बाइक चोरों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से चोरी की 10 मोटरसाइकिलें बरामद हुईं। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर चलाए गए विशेष अभियान में कोतवाली नगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली। इस पर पुरानी हवाई पट्टी अमहट के पास से चारों आरोपियों को पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपियों में अयोध्या के शुभम कुमार (29), अम्बेडकरनगर के महान दूबे (19) और सचिन तिवारी (20), तथा अयोध्या के आयुष दूबे (21) शामिल हैं। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे अलग-अलग जगहों से बाइक चोरी करते थे। वे इन बाइकों को बेचने जा रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 317(2), 317(4), 318(4) और 336(2) के तहत मुकदमा दर्ज किया है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है। थाना स्थानीय पर मामला संख्या 0495/2025 के तहत मामला दर्ज किया गया है। सीओ सिटी प्रशांत सिंह ने बताया कि पुलिस के हाथों यह बड़ी सफलता लगी है। सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से सभी को जेल भेजा गया है।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को 2 जी मोबाइल से परेशानी

## केवाईसी और फेस रिकग्नाइजेशन नहीं हो पा रहा, 5जी फोन की मांग

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकत्रियों का कहना है कि सरकार द्वारा दिए गए 2जी मोबाइल से काम करना मुश्किल हो रहा है। इन मोबाइल से केवाईसी और चेहरा प्रमाणीकरण का कार्य नहीं हो पा रहा है।

प्रशासन ने कार्य पूरा न होने पर मानदेय रोकने और सेवा समाप्ति की चेतावनी दी है। अधिकारी कार्यकत्रियों पर निजी मोबाइल से काम करने का दबाव बना रहे हैं। वाई-फाई की मिले सुविधा कार्यकत्रियों की मांग है कि उन्हें 5जी मोबाइल दिए जाएं। साथ ही प्रतिमाह रिचार्ज और वाई-फाई कनेक्शन की सुविधा भी मिले। उनका कहना है कि वर्तमान में न तो मोबाइल रिचार्ज के लिए भुगतान किया जा रहा है और न ही सिम दी जा रही है। योजनाएं सही तरीके से होंगी लागू महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ की पदाधिकारियों ने बताया कि इस स्थिति में कई कार्यकत्रियां तनाव, हृदय रोग और अन्य बीमारियों से जूझ रही हैं। उन्होंने कहा कि बेहतर उपकरण मिलने से ही सरकार की योजनाओं को सही तरीके से लागू किया जा सकेगा।

## संक्षेप

### कार ने बाइक को मारी टक्कर

**ओवरटेक के चक्कर में दो छात्र घायल, एक को गाजियाबाद रेफर किया**

गाजियाबाद, मोदीनगर निवाड़ी मार्ग पर डीजे डेन्टल कॉलेज के सामने एक तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को ओवरटेक करने के दौरान बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में कक्षा 11 के दो छात्र घायल हो गए। देवेन्द्रपुरी कॉलोनी निवासी बीमा एजेंट अरविंद कुमार का 15 वर्षीय पुत्र जयंत प्रताप सिंह अपने दोस्त के साथ बाइक पर जा रहा था। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों छात्र कई फीट दूर जा गिरे। कार अनियंत्रित होकर 10 फीट गहरे नाले में गिर गई। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घायलों को मोदीनगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जयंत की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे गाजियाबाद के निजी अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के बाद मार्ग पर करीब 30 मिनट तक जाम की स्थिति रही। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय के अनुसार, मेरठ नंबर की कार को कब्जे में ले लिया गया है। चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। शिकायत मिलने पर मामला दर्ज किया जाएगा।

### डीएम ने की आईजीआरएस की समीक्षा

**शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण जरूरी, लापरवाही पर होगी कार्रवाई**

मेरठ, विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह ने आईजीआरएस की समीक्षा बैठक की। उन्होंने निर्देश दिए कि आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों को समयबद्ध रूप से संबंधित विभाग को भेजा जाए। कोई भी संदर्भ डिफॉल्टर श्रेणी में नहीं रहना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि लंबित संदर्भों का निस्तारण साक्ष्य सहित पोर्टल पर अपलोड किया जाए। शिकायतकर्ता से फोन पर संपर्क कर समाधान की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का निस्तारण करना होगा। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। बैठक में सीडीओ नूपुर गोयल, एसडीएम सरधना दीक्षा जोशी, एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश सिंह, एडीएम वित्त सूर्य कांत त्रिपाठी मौजूद रहे। इसके अलावा एसपी ट्रैफिक राघवेंद्र मिश्रा, नगर मजिस्ट्रेट नवीन कुमार श्रीवास्तव, सीएमओ डॉ. अशोक कटारिया, अपर नगर आयुक्त लवी त्रिपाठी और जिला पूर्ति अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

### छात्रा से मोबाइल लूट का आरोपी पकड़ा

**सीसीटीवी की मदद से 34 घंटे में पुलिस ने किया अरेस्ट, लूटा मोबाइल और बाइक बरामद**

मेरठ, पुलिस ने एसपी सिटी आवास के सामने हुई मोबाइल लूट के मामले में आरोपी को 34 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी से लूटा गया मोबाइल और बाइक बरामद कर ली है। भानपुर क्षेत्र की रहने वाली खुशी विधूड़ी कचहरी में एसएससी कंबाइंड ग्रेजुएशन लेवल परीक्षा का फॉर्म भरने आई थी। फॉर्म भरने के बाद वह मवाना बस स्टैंड की तरफ जा रही थी।

# एआईएमआईएम की चुनावी दस्तक से सपा-कांग्रेस की बढ़ी टेंशन

**सभी जिलों में पंचायत चुनाव लड़ेगी ओवैसी की पार्टी, 2027 विधानसभा की तैयारी**

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज, उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक नया मोड़ आने वाला है।

हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन ने ऐलान किया है कि वह पूरे प्रदेश के सभी जिलों में पंचायत चुनाव लड़ेगी। इस एलान के साथ ही राज्य की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। अकटकट यूपी इकाई के पूर्वांचल अध्यक्ष इसरार अहमद ने प्रयागराज में एक प्रेसवार्ता के दौरान साफ किया कि पार्टी पंचायत चुनाव के जरिए 2027 के विधानसभा चुनाव की बुनियाद मजबूत करना चाहती है। उन्होंने कहा कि एआईएमआईएम अपने दम पर जिला पंचायत से लेकर वार्ड स्तर तक उम्मीदवार उतारेगी। पार्टी बूथ स्तर से संगठन को तैयार कर रही है और पंचायत चुनाव को मिशन मोड में ले चुकी है। इसरार अहमद ने संकेत दिए कि फिलहाल एआईएमआईएम किसी गठबंधन में शामिल नहीं है, लेकिन अगर कोई गठबंधन प्रस्ताव आता है तो उस पर फैसला शीर्ष नेतृत्व करेगा। फिलहाल पार्टी अकेले मैदान में उतरने की रणनीति पर चल रही है। एआईएमआईएम के इस फैसले का सबसे बड़ा असर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के मुस्लिम वोट बैंक पर पड़ सकता है। यूपी की सियासत में ये दोनों दल लंबे समय से मुस्लिम वोटों पर भरोसा करते आए हैं, लेकिन अब एआईएमआईएम की सक्रिय मौजूदगी से यह वोट बैंक बंट सकता है, जिससे इन दलों की पंचायत चुनाव में रणनीति गड़बड़ा सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि एआईएमआईएम की सक्रियता ना सिर्फ सपा और कांग्रेस बल्कि बसपा के लिए भी खतरे की घंटी है। पंचायत चुनाव के जरिए यदि एआईएमआईएम को कुछ भी आधार मिला, तो यह 2027 के विधानसभा चुनाव में बड़ा बदलाव ला सकता है। ओवैसी की पार्टी ने यह दिखा दिया है कि अब वह केवल भाषणों तक सीमित नहीं रहना चाहती, बल्कि जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत कर सत्ता की लड़ाई में सीधी हिस्सेदारी चाहती है।

# अटाला रेस्टोरेंट बमबाजी के आरोपी पकड़े

**प्रयागराज में पुलिस मुठभेड़, एक को लगी गोली; दूसरा भी गिरफ्त में**

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज, अटाला इलाके में रेस्टोरेंट पर बम फेंकने के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। खुल्दाबाद थाना क्षेत्र में देर रात हुई मुठभेड़ में मुख्य आरोपी अब्दुल्ला पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उसके साथी भानु को भी मौके से दबोच लिया। कुछ दिन पहले दोनों आरोपियों ने अटाला स्थित एक रेस्टोरेंट में बम फेंका था। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से शहर में दहशत फैल गई थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपियों की लोकेशन ट्रेस की। पुलिस की घेराबंदी के दौरान बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में अब्दुल्ला घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भानु को मौके पर ही पकड़ लिया गया। पुलिस दोनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगाल रही है। घटना के पीछे का मकसद और पूरे नेटवर्क की जांच की जा रही है।

## अवैध कॉलोनी की शिकायत पर धमकाया

**मोदीनगर में भाजपा नेता को कॉलोनाइजर ने दी जान से मारने की धमकी**

अमन लेखनी समाचार

मोदीनगर, मोदीनगर में अवैध कॉलोनी की शिकायत करने पर भाजपा नेता और पूर्व सभासद को जान से मारने की धमकी मिली है। गोविंदपुरी कॉलोनी निवासी लोकेश कुमार ढोड़ी ने इस मामले में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। लोकेश कुमार ने बताया कि मंगलविहार कॉलोनी के पास गांव रोरी में खसरा नंबर 922, 923, 924 की कृषि भूमि पर अवैध कॉलोनी काटी जा रही थी। उन्होंने इसकी शिकायत गाजियाबाद विकास प्राधिकरण और प्रशासन से की। जीडीए ने 22 मार्च को कॉलोनी पर कार्रवाई की। तहसील प्रशासन द्वारा भी इस मामले की जांच चल रही है। कार्रवाई के बाद भी फिर से कॉलोनी काटने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। लोकेश कुमार ने इसकी दोबारा शिकायत जीडीए से की। सतीश पार्क निवासी कॉलोनाइजर तुषांक जिंदल ने शिकायत वापस न लेने पर लोकेश कुमार को जान से मारने की धमकी दी। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि तुषांक जिंदल के खिलाफ धमकी देने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## नशे के कारोबार का भंडाफोड़

**दो वाहनों से 38 किलो डोडा बरामद, हरियाणा और सम्भल के दो तस्कर धरे**

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। थाना देहात कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी। कुछ संदिग्ध व्यक्ति अकबरपुर-कुडवल मार्ग से नशीले पदार्थ की खेप ला रहे हैं। पुलिस ने तुरंत इलाके में चेकिंग अभियान शुरू किया। दो संदिग्ध वाहनों को रोका गया।

तलाशी में दोनों वाहनों से 38 किलो डोडा बरामद हुआ। पुलिस ने हरियाणा निवासी सुखविंदर और सम्भल निवासी राजेश को गिरफ्तार किया है।

पूछताछ में दोनों तस्करों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। वे लंबे समय से नशे का कारोबार कर रहे थे। विभिन्न जिलों में डोडा की सप्लाई करते थे। बुलंदशहर एएसपी ऋजुल के अनुसार पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की। अकबरपुर-कुडवल मार्ग से आरोपियों को पकड़ा गया। पुलिस अब इनके नेटवर्क की जांच कर रही है।



## बागपत में युवक की पिटाई

**ट्यूबवेल पर बुलाकर दो युवकों ने लाठी-चप्पल से पीटा, आरोपियों की तलाश जारी**

अमन लेखनी समाचार

बागपत, छपरौली थाना क्षेत्र में एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। दो युवकों ने पीड़ित को जंगल में स्थित ट्यूबवेल पर बुलाया। वहां उन्होंने पहले गाली-गलौज की। जब पीड़ित ने विरोध किया तो उसे लाठी से पीटना शुरू कर दिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो में दोनों आरोपी युवक पीड़ित पर लाठी और चप्पल से हमला करते दिख रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई है। पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उसने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित को अस्पताल में भर्ती कराया है। पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस आरोपी युवकों की तलाश कर रही है। यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। पुलिस ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



## ऑनलाइन रिटर्न के चक्कर में साइबर ठगी

- ग्रेटर नोएडा में एनीडेस्क ऐप डाउनलोड कराकर खाते से उड़ाए 46 हजार रुपए

अमन लेखनी समाचार



जेवर, ग्रेटर नोएडा के दनकौर में एक साइबर ठगी का मामला सामने आया है। उत्तराखंड के रहने वाले खुशहाल सिंह के बैंक खाते से ठगों ने 46 हजार रुपए उड़ा लिए। खुशहाल सिंह दनकौर क्षेत्र की एक बिल्डर साइट पर काम करते हैं। उन्होंने ऑनलाइन कुछ सामान मंगवाया था। सामान में कमी मिलने पर वह इसे वापस करना चाहते थे।

इसलिए वह कंपनी की वेबसाइट पर गए। कुछ देर बाद एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉलर ने खुद को कंपनी का कर्मचारी बताया। उसने सामान वापस करने का भरोसा दिलाया और एक लिंक भेजा। लिंक पर क्लिक करते ही खुशहाल का फोन एनीडेस्क के जरिए ठगों के नियंत्रण में आ गया। ठग ने खुशहाल को यूपीआई पासवर्ड मोबाइल में डालने को कहा।

इसके बाद उनके सभी पासवर्ड और ओटीपी ठग के पास पहुंच गए। ठग ने तुरंत खाते से 46 हजार रुपए निकाल लिए। पीड़ित ने दनकौर कोतवाली की साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## काजमपुर देवली में आयुक्त का दौरा

**सरकारी योजनाओं और निर्माण कार्यों का किया सत्यापन, कोटे की जांच के निर्देश**

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर, आयुक्त हृषिकेश भास्कर यशोद ने ग्राम काजमपुर देवली के विद्यालय परिसर में ग्राम सभा की खुली बैठक में सरकारी योजनाओं और निर्माण कार्यों का सत्यापन किया। उन्होंने गांव में किए गए निर्माण कार्यों और विभिन्न योजनाओं के पात्र लाभार्थियों की जानकारी वाली बुकलेट का निरीक्षण किया। आयुक्त ने वृद्धावस्था, दिव्यांगजन और विधवा पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों का सत्यापन किया।

उन्होंने निर्देश दिए कि पात्र लाभार्थियों को पेंशन का लाभ दिलाया जाए।

पंचायत भवन को सक्रिय करने और वहां सभी योजनाओं की पात्रता के बारे में लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। वंचित परिवार होंगे चिह्नित जीरो पावर्टी अभियान के तहत, उन परिवारों को चिह्नित करने का आदेश दिया जिन्हें अभी तक किसी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिला है। गांव में राज्य वित्त और 15वें वित्त आयोग के तहत बनी सीसी रोड सहित अन्य निर्माण कार्यों का भी सत्यापन किया गया। गांव में स्थित तीन तालाबों के संदर्भ में लेखपाल को अवैध कब्जे रोकने के निर्देश दिए गए। चकरोड की सुरक्षा और जल भराव की समस्या से निपटने के लिए नालों की सफाई और सोकपिट निर्माण के निर्देश दिए। लाभार्थियों का सत्यापन आवास योजना, किसान सम्मान निधि, आजीविका मिशन, विद्युत आपूर्ति, सामूहिक विवाह योजना और स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण के लाभार्थियों का सत्यापन किया गया। बैठक में कुछ लोगों द्वारा कम राशन मिलने की शिकायत पर आयुक्त ने जिला पूर्ति अधिकारी को जांच के निर्देश दिए।

## किसान यूनियन महासभा की बैठक

**राष्ट्रीय अध्यक्ष गीता भाटी ने समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन**

अमन लेखनी समाचार

जेवर, ग्रेटर नोएडा के मूंजखेड़ा गांव में भारतीय किसान यूनियन महासभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष गीता भाटी का ग्रामीणों और पदाधिकारियों ने स्वागत किया। संगठन के सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने किसानों की समस्याओं पर चर्चा की। राष्ट्रीय अध्यक्ष गीता भाटी ने कहा कि संगठन किसानों, गरीबों, मजदूरों और पीड़ितों की आवाज बनकर रहेगा। उन्होंने किसानों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का वादा किया। साथ ही समाधान के लिए संघर्ष करने की बात कही। किसानों की समस्याओं को लेकर जल्द ही आंदोलन की योजना भी बनाई जा रही है। बैठक में गिल्लू प्रधान को प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया। कई ग्रामीणों ने संगठन की सदस्यता भी ली। कार्यक्रम में बिजेंद्र कसाना, मंडल अध्यक्ष पवन शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मिथलेश सिंह, जिला अध्यक्ष महिला संध्या चौहान, वाहिद भाटी, प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर ताहिर, जिला उपाध्यक्ष सादिक भाई, प्रदेश उपाध्यक्ष आसिफ उस्मानपुर, शाहरुख, बबली सिंह, अंसार भाटी, राशिद पहलवान और आदिल खान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



## छेड़छाड़ पीड़िता ने किया सुसाइड

**एक महीने पहले अपहरण के बाद से डिप्रेशन में थी किशोरी, आरोपी दे रहे थे धमकी**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, लिसाड़ी गेट क्षेत्र में एक किशोरी ने छेड़छाड़ से परेशान होकर सुसाइड कर लिया। किशोरी का शव उसके घर में पंखे से लटका मिला। एक महीने पहले 5 मई को आरोपी ने किशोरी को उसकी मां के एक्सीडेंट का झांसा देकर बुलाया था। किशोरी जब अपनी छोटी बहन के साथ बिजली बंबा चौराहे पर पहुंची, तब आरोपी ने अपने 4 साथियों के साथ मिलकर दोनों को ऑटो में जबरन उठा लिया। उन्हें एक गोदाम में बंद कर दिया गया। पीड़िता के परिवार ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया था। इसके बाद से आरोपी परिवार को मुकदमा वापस लेने की धमकियां दे रहे थे। मंगलवार यानी 17 जून को भी आरोपियों ने किशोरी के पिता को जान से मारने की धमकी दी थी। इन धमकियों से परेशान होकर किशोरी डिप्रेशन में चली गई और उसने आत्महत्या कर ली। पीड़िता के परिवार में माता-पिता और तीन बहनें हैं। परिवार कपड़े की सिलाई का काम करता है। पिता मार्केट से कपड़े लाते हैं और मां-बेटियां सिलाई का काम करती हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## 50 हजार रिश्वत लेते ग्राम विकास अधिकारी गिरफ्तार

- रायबरेली में एंटी करप्शन की बड़ी कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार

रायबरेली, लखनऊ एंटी करप्शन टीम ने रायबरेली के डलमऊ ब्लॉक में एक ग्राम विकास अधिकारी को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। अधिकारी प्रेमचंद रावत को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया। एक किसान ने अपने काम के लिए ग्राम विकास अधिकारी से संपर्क किया। अधिकारी ने काम के बदले रिश्वत की मांग की। किसान के पास पैसे नहीं थे। उसने इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से कर दी। शिकायत मिलते ही एंटी करप्शन टीम ने कार्रवाई की योजना बनाई। टीम ने रिश्वत की राशि के साथ अधिकारी को गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई से ब्लॉक कार्यालय में हड़कंप मच गया। विभाग द्वारा अधिकारी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। थाना अध्यक्ष डलमऊ श्याम कुमार पाल ने कहा की "ग्राम विकास अधिकारी को 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए लखनऊ एंटी करप्शन टीम द्वारा पकड़ा गया है। फिलहाल जांच चल रही है। रिपोर्ट मिलने के बाद विभागीय और कानूनी कार्रवाई की जाएगी।" विकासखंड अधिकारी अशोक सचान ने बताया है कि डलमऊ ब्लॉक में ग्राम विकास अधिकारी को प्रेमचंद रावत को आज लखनऊ एंटी करप्शन टीम ने 50000 रिश्वत के साथ पकड़ा



## एच एस इन्टर कालेज में योग दिवस का आयोजन होगा

अमन लेखनी समाचार

कुरारा,हमीरपुर ।अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एच एस कॉन्वेंट इंटर कालेज परिसर में योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। प्रबंधक शंशाक गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 21 जून को सुबह साढ़े छह बजे से साढ़े सात बजे तक योग कराया जाएगा। जिसमें कस्बा वासियों को आमंत्रित किया गया है।

## ब्रह्मालीन संत स्वामी महाराज नागा स्वामी की पुण्यतिथि आज

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। उत्तर भारत के ब्रह्मलीन संत स्वामी रोटीराम महाराज नागा स्वामी की पुण्यतिथि आज विरक्त आश्रम में सुबह 8:00 बजे से मनाई जाएगी। विरक्त आश्रम के महंत स्वामी जगन्नाथ महाराज ने बताया कि ब्रह्मलीन संत स्वामी रोटीराम महाराज नागास्वामी की 41वीं पुण्यतिथि आश्रम में सुबह 8:00 बजे से हवन पूजन करके मनाई जाएगी। उन्होंने भक्तों से समय से आश्रम पहुंचने की अपील की है

## ग्रामीण अंचल के बेटे का जापान की कंपनी में हुआ चयन

### प्रथम नगर आगमन पर फूल माला पहनाकर किया गया भव्य स्वागत

अमन लेखनी समाचार

गरौठा। झांसी जिले के गरौठा तहसील अंतर्गत ग्राम डुमरई निवासी ( हाल निवासी द्वारिकापुरी गरौठा ) सुरेश कुमार सेन के पुत्र राज सेन का जापान की एक प्रतिष्ठित कंपनी रप्युटा राबोटिक्स में चयन होने के उपरांत प्रथम नगर आगमन पर कस्बावासियों ने फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। राज सेन ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा कस्बा गरौठा के एस. डी. मेमोरियल स्कूल से ग्रहण की। इसके बाद उनकी इंटरमीडिएट तक की शिक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय बरुआसागर से पूर्ण हुई। बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी झांसी से स्नातक करने के बाद उन्होंने नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेकनोलॉजी टिर्ची ( तमिलनाडु ) से पीजी की डिग्री हासिल की। राज सेन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता एवं गुरुजनों को दिया। इस अवसर पर उन्हे शिक्षा प्रदान करने वाले शिक्षक केदार गुप्ता, अरुणकांत दीक्षित, संजय रीछारिया सहित शशिकांत तिवारी, अरविंद्र फौजी, डब्बू फौजी, जीतू फौजी, अजय सोनी, विवेक अग्रवाल, परशुराम , देवेंद्र गौतम, जीतू सोनी, अजय सिंह, अनंतराम गुप्ता , दीपेंद्र परिहार आदि मौजूद रहे।

## रघवा गांव में पीड़ित ने दिवार न गिराये जाने की तहरीर उपजिलाधिकारी को दी

अमन लेखनी समाचार

कुरारा,हमीरपुर ।विकास खंड क्षेत्र के रघवा गांव निवासी ग्रामीण ने शौचालय को गिराए जाने की नोटिस दिए जाने से उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर इस निर्माण को गिराए जाने में रोक लगाए जाने की मांग की है। क्षेत्र के रघवा गांव निवासी ग्रामीण राजेंद्र पुत्र स्व बच्चा ने उप जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि सरकार से प्राप्त शौचालय का निर्माण 25 वर्ष पूर्व कराया था। गांवदारी की रंजिश के चलते ग्रामप्रधान द्वारा शौचालय को गिराकर कूड़ा दान बनाने का प्रयास किया जा रहा है। जब कि इसी गाटा संख्या 517 में जमीन खाली पड़ी है ।जिसमें सार्वजनिक कूड़ा दान का निर्माण किया जा सकता है। पीड़ित ने शिकायतीपत्र देकर शौचालय व इसकी दीवार को न गिराए जाने की मांग उप जिलाधिकारी से की है।

# टैक्स की चोरी करके प्राइवेट बसों से लाया जा रहा लाखों का सामान

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। दिल्ली से आने वाली प्राइवेट बसों से टैक्स चोरी करके प्रतिदिन लाखों रुपए का माल लाकर बाजारों में खपाया जा रहा है। यह सब कुछ अधिकारियों की नाक के नीचे प्रतिदिन हो रहा है दिल्ली से आधा सैकड़ा बसें प्रतिदिन हमीरपुर, सुमेरपुर, मौदहा, कबरई, महोबा, जसपुरा, पैलानी, बांदा आती जाती है। इन सभी बसों में दिल्ली की बाजार से रेडीमेड इलेक्ट्रॉनिक्स,दवाइयां के साथ अन्य सामान टैक्स की चोरी करके प्रतिदिन लाया जाता है। प्रतिमाह लाखों रुपए की टैक्स चोरी की जा रही है। शुक्रवार को कस्बे के लक्ष्मीबाई तिराहा के पास ऐसे ही नजारा कैमरे में कैद किया गया। यहां पर बस से इलेक्ट्रॉनिक सामान उतारा जा रहा था। यह सब कुछ वाणिज्य कर विभाग के नाक के नीचे हो रहा है। जबकि हाईवे पर मौजूद रहने वाला विभाग का सचल दल बसों में आने वाले सामान की चोरी को नहीं देख पा रहा है। इससे बस संचालकों के हौसले बुलंद है ।और धड़ल्ले से टैक्स चोरी करके आने वाले सामान को निरंतर ला रहे हैं

## नमामि गंगे की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने से रास्ते में जलभराव

अमन लेखनी समाचार

कुरारा,हमीरपुर। विकास खंड क्षेत्र के कडौर गांव में नमामि गंगे की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो जाने से कंडौर डेरा जाने वाले रास्ते में जल भराव हो जाने से लोगो को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के कंडौर गांव से टावर के पास डेरा जाने वाली मुख्य सड़क में नमामि गंगे योजना की पाइप लाइन टूट जाने से रास्ते में जलभराव की समस्या बनी हुई है। डेरा निवासी भोला निषाद, मनोज निषाद, अभिषेक निषाद ,कालका निषाद आदि ने बताया कि नमामि गंगे परियोजना द्वारा डाली गई पाइप लाइन पंद्रह दिन से टूटी पड़ी है। जिससे पानी सप्लाई के दौरान रास्ते में जलभराव हो रहा है। जिससे डेरा के लोगो को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों द्वारा इसकी शिकायत कर्मचारियों से की गई है। ।लेकिन अभी तक इस लीकेज को ठीक नहीं किया गया है। जिससे पानी की बबार्दी हो रही है। ग्रामीणों ने लीकेज को ठीक कराए जाने की मांग की है

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने किया आत्महत्या का प्रयास

अमन लेखनी समाचार

राठ, हमीरपुर। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमगांव में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर 20 वर्षीय एक महिला ने अपनी जीवन लीला को समाप्त करने का प्रयास किया। जिसके बाद महिला की हालत बिगड़ने पर मौके पर मौजूद परिजनों ने आनन फानन में उसे इलाज हेतु राठ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमगांव की निवासी 20 वर्षीय महिला रोशनी पत्नी शशिकांत ने शुक्रवार की दोपहर करीब जहरीले पदार्थ का सेवन कर अपनी जान देने का प्रयास किया। जिसके बाद महिला रोशनी की हालत बिगड़ने पर मौके पर मौजूद परिजनों ने आनन फानन में उसे इलाज हेतु राठ के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया।

## विद्युत विभाग ने वृहद चैकिंग अभियान में वसूला 9.62 लाख रुपया

अमन लेखनी समाचार

राठ--विद्युत विभाग ने बड़ा अभियान चलाकर नगर में विद्युत उपभोक्ताओं की चैकिंग की और बकायेदारों के विद्युत कनेक्शन काटे तथा साढ़े नौ लाख रुपया बकायेदारों से वसूल किया। चैकिंग के दौरान विद्युत भार की जांच की गई और जहां गलत पाया गया,वहां विद्युत भार की वृद्धि की गई।

नवागंतुक अधिशासी अभियंता इं. रमेश चन्द्र गौतम के निर्देश पर बिजली विभाग की वृहद चैकिंग अभियान के दौरान कस्बे में 112 उपभोक्ताओ की जांच की गई। इस दौरान 61 बकायेदारों के विद्युत कनेक्शन काटे गये। चैकिंग के दौरान विद्युत विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने 9.62 लाख रुपया की वसूली कर जमा कराया। इस दौरान टीम ने विद्युत चोरी की भी जांच की और उपभोक्ताओं की समस्याओं को भी सुना। जांच के लिए अधिशासी अभियंता इं. रमेश चन्द्र गौतम ने एसडीओ सत्येन्द्र कुमार, जेई अनिल कुमार,जेई चन्द्रप्रकाश सहित अन्य कर्मचारियों की चार टीमों को गठित किया। 11 उपभोक्ताओं का कुल 6 किलो भार वृद्धि तथा 21 उपभोक्ताओं के बिल को ठीक किया गया। इं. रमेश चन्द्र गौतम ने बताया कि यह अभियान प्रतिदिन जारी रहेगा, उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वह विच्छेदन तिथि के पूर्व अपना विद्युत बिल जमा कर दें और विद्युत चोरी से परहेज करें। उन्होंने स्पष्ट करते हुए बताया कि 10 हजार रुपया तथा अधिक के बकायादारों के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। यह भी बताया कि गलत बिल जारी करने वाले मीटर रीडर पर भी कार्यवाही की जायेगी। विद्युत विभाग की इस कार्यवाही से उपभोक्ताओं में हड़कम्प दिख रहा है और विद्युत चोरी करने वाले अपने अपने तार हटाते दिख रहे है।

# बीमारी से परेशान व्यक्ति ने अवैध तमंचे से खुद को मारी गोली, हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

राठ, हमीरपुर ।थाना एवं ग्राम चिकासी में बीमारी से परेशान होकर 44 वर्षीय एक व्यक्ति ने स्यवं को तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। युवक गुरुवार को ही दिल्ली के एम्स अस्पताल से इलाज कराकर वापस घर लौटा था ।सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा शुक्रवार को मृतक व्यक्ति के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है। पुलिस उपाधीक्षक राजकुमार पाण्डेय व फील्ड यूनिट सहित चिकासी थानाध्यक्ष संतोष सिंह ने घटना स्थल पर पहुंच जांच पड़ताल की। चिकासी गाँव के निवासी राजकुमार नायक ने बताया कि 44 वर्षीय उसका बड़ा भाई प्रशांत नायक पुत्र लक्ष्मी नारायण नायक निवासी तीन भाईयों में दूसरे नंबर का था। वह कई साल से एक बीमारी से पीड़ित था। जिससे वह मानसिक रूप से परेशान रहता था। प्रशांत गुरुवार को ही दिल्ली के एम्स अस्पताल से इलाज कराकर वापस लौटा था। शुक्रवार की सुबह वह अपने कमरे में चला गया। थोड़ी देर बाद कमरे से गोली चलने की आवाज सुनाई दी। जाकर देखा तो प्रशांत खून से लथपथ जमीन पर पड़ा था। उसके अपने सीने में खुद गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। मृतक अविवाहित था। सीओ सरीला राजकुमार पांडेय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरे में मृतक व्यक्ति के पास से अवैध तमंचा बरामद किया है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मृतक कई वर्षों से बीमारी से जूझ रहा था और मानसिक तनाव में भी था। अवैध तमंचा मिलने के मामले की भी जांच की जा रही है।

# आज तक संवाददाता अमित श्रीवास्तव की पहली पुण्यतिथि में पहुंचे डॉ. संदीप सरावगी

### कहा–पत्रकारों तथा उनके परिवारों के हर सहयोग के लिए हर क्षण तैयार




अमन लेखनी समाचार

झांसी। समाचार चैनल आज तक के झांसी संवाददाता स्वर्गीय अमित श्रीवास्तव की पहली पुण्यतिथि आज भावांजलि के रूप में मनाई गई। राजकीय संग्रहालय में आयोजित भावांजलि समारोह में तमाम राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ समाजसेवी संगठन के पदाधिकारी तथा व्यापारी नेताओं के अलावा पत्रकारों ने भी बड़ी संख्या में शिरकत की। इस अवसर पर सभी ने स्वर्गीय अमित श्रीवास्तव की फोटो के समक्ष पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पत्रकारों की दशा व दिशा पर चिंतन गोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसमें तमाम वक्ताओं ने पत्रकारों की महती भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उनके समाज के प्रति योगदान को याद किया। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री प्रदीप जैन आदित्य, भारतीय जनता पार्टी के गरौठा विधायक जवाहरलाल राजपूत, समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष बृजेंद्र यादव, महानगर अध्यक्ष तनवीर आलम, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सीताराम कुशवाहा ,संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष तथा वरिष्ठ समाज सेवी डॉक्टर संदीप सरावगी, संतराम पेंटर ,उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के अध्यक्ष तथा कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय पटवारी, जिला शासकीय अधिवक्ता मृदुल कांत श्रीवास्तव, वरिष्ठ अधिवक्ता हरिओम सक्सेना, संजय राष्ट्रवादी, मनमोहन मनु, सुदर्शन, शिवहरे,वरिष्ठ पत्रकार रघुवीर शर्मा, लक्ष्मी नारायण शर्मा, धर्मेंद्र साहू, रिपुसूदन नामदेव, डीडी न्यूज के विकास शर्मा, मनोज रेजा, वरिष्ठ समाजसेवी मनमोहन गेडा, मुकेश अग्रवाल, अंबिका श्रीवास्तव, बुंदेली लोक कला संस्थान की अध्यक्ष राधा प्रजापति, नगर निगम की उपसभापति प्रियंका साहू, सोनिया पांडेय, रजनी गुप्ता, दिनेश भार्गव, मनीष श्रीवास्तव, आरिफ खान, अंकित चौधरी, यश ठाकुर, शहजाद खान, रानू साहू, नीरज साहू, नंदकिशोर, कुलदीप अवस्थी, रवि वर्मा, सेठी अजय झा ,धीरज श्रीवास्तव, श्याम रैकवार आदि ने विचार व्यक्त किये। अंत में अमित श्रीवास्तव के बहनोई तथा पूर्व सैनिक राजेश खरे ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## दो डंफरों की हुई भिंडत के बाद लगी आग, चालक खलासी ने कूद कर बचाई जान



अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर ।कानपुर सागर हाइवे 34 पर शुक्रवार को तेज रफ्तार दो डंफरों की आमने सामने हुई भिड़ंत के बाद दोनों डंफरों में आग लग गई ।दोनों के चालक और खलासी ने कूद कर अपनी जान बचाई है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस और फायर बिग्रेड की टीम ने आग पर काबू पाया। क्रेन की मदद से दोनों डंफरों को सड़क किनारे कर यातायात संचालित कर दिया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के चंदौखी मोड़ समीप शुक्रवार को कानपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार डंफर की कबरई से गिट्टी लोड कर आ रहे डंफर से जोरदार भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी तेज थी कि दोनों डंफरों में आग लग गई। देखते ही देखते दोनों डंफर जलकर खाक हो गए। इस घटना में एक डंफर के चालक अशोक पुत्र बिथम लाल निवासी आवास विकास थानपुरम नौबस्ता कानपुर नगर व दूसरे डंफर का चालक अज्ञात मौके से फरार हो गया। इस दौरान दोनों ओर जाम लग गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सदर कोतवाली पुलिस ने फायर बिग्रेड की टीम की मदद से आग पर काबू पा लिया। पुलिस बल ने क्रेन को बुला कर जले दोनों डंफरों को हाइवे से हटवा कर सड़क किनारे खड़ा कर दिया है। घटना में कोई जन हानि नहीं हुई है। ट्रेफिक पुलिस ने यातायात व्यवस्था सुचारु रूप से चालू करा दी है।

## टूटी छत और गंदगी से पटा आंगनवाड़ी केंद्र, ग्रामीणों का कब्जा

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। थानाक्षेत्र के पत्योरा गांव स्थित एक आंगनवाड़ी केंद्र बिल्कुल जर्जर स्थित में है। जिसमें अंदर बैठने से भी डर बना रहता है। केंद्र संचालिका ने भवन को ठीक कराने की मांग की है विकासखंड सुमेरपुर के पत्योरा गांव में आंगनवाड़ी केंद्र संख्या दो मुच्छीताला मजरे में संचालित है। जिसका भवन जर्जर स्थित में है लेकिन विभाग उसे ठीक भी कराने की जद्दोजहद नही कर रहा। केंद्र की छत पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। जो वर्षा में जगह जगह से टपकती है। इसके साथ ही भवन की छत व परिसर में कुछ ग्रामीणों का कब्जा है। जहां छत पर लकड़ी आदि रखे हुए हैं। वहीं परिसर में पालतू जानवरों को बांधते हैं जिसके चलते वहीं गंदगी का अंबार लगा हुआ है। केंद्र संचालिका शशि कला से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि कई बार विभाग को अवगत कराया गया है इसे ठीक कराने के लिए। जर्जर भवन में आए दिन गंदगी के चलते जहरीले कीड़े घुस आते हैं। जिससे बच्चों को भी समस्या का सामना करना पड़ता है। लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। बताया कि गत दिनों हुई बारिश से केंद्र की छत जगह जगह से टपकती रही और अंदर पानी भर गया। इसी के साथ पूरे भवन की दीवारें दरार दे गई हैं। बता दें कि जर्जर भवन में कभी भी कोई हादसा हो सकता है। छत से लेकर दीवार फर्स आदि सब दरार दिए हैं। केंद्र में बिजली के भी इंतजाम नहीं हैं। जिससे गर्मी का भी सामना करना पड़ता है। जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि मामला हमारे संज्ञान में नहीं है फिर भी कल जाकर जांच करके कार्रवाई करेंगे

# कचीर का तालाब बना मौत का सरोवर तालाब में गिरकर गौवंश की हो रही मौत

### ग्रामवासियों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर तालाब की सफाई करवाने की उठाई मांग



अमन लेखनी समाचार

गरौठा,झांसी। गरौठा तहसील के ब्लॉक बामौर अंतर्गत ग्राम पंचायत कचीर में बना सैकड़ों वर्ष पुराना तालाब वर्तमान समय में खून के आंसू बहा रहा है ।तालाब में जलकुंभी हो जाने से उसमें गिरकर अब तक कई गौवंश की मौत हो चुकी है। शुक्रवार को ग्रामवासियों ने उपजिलाधिकारी गरौठा मनोज कुमार सरोज को ज्ञापन देते हुए बताया कि गांव का प्राचीन तालाब जलकुंभी घास होने की वजह से दल दल में तब्दील हो चुका है, जिसमें गिरकर बड़ी संख्या में गौवंश की मौत हो चुकी है ।उक्त तालाब में जानवर पानी पीते थे तथा तालाब का पानी गांव बालों के अन्य उपयोग के काम आता था ।पिछले कुछ वर्षों से ग्राम पंचायत तथा ब्लॉक के अधिकारियों की अनदेखी से पूरे तालाब में भयंकर जलकुंभी घास पैदा हो गई है जिससे तालाब दलदल में बदल चुका है। जानवर जब भी पानी पीने तालाब में जाते है तो उस दलदल ने फंस जाते है जिससे उनकी तड़प तड़पकर मौत हो जाती है ।कई जानवरों की मौत होने एवं ब्लॉक के अधिकारियों को बार बार अवगत कराने के बावजूद भी अब तक किसी भी अधिकारी ने तालाब की घास हटाने के संबंध में कोई संज्ञान नहीं लिया।

एक ओर प्रदेश के मुख्यमंत्री अपने ड्रीम प्रोजेक्ट ₹अमृत सरोवर₹ के लिए ग्राम पंचायतों में तालाबों के सौंदर्यकरण हेतु लाखों रुपए खर्च कर रहे है वहीं दूसरी ओर जिम्मेदार अधिकारी उनकी इस महत्वाकांक्षी योजना की धज्जियां उड़ाते हुए नजर आ रहे है ।कचीर गांव का यह तालाब इसका जीता जागता उदाहरण है जो आज अमृत सरोवर न बनकर मौत सरोवर बनकर रह गया है और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा हुआ है ।ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से जल्द से जल्द उक्त तालाब की सफाई करवाते हुए तालाब का सौंदर्यकरण करवाए जाने की मांग की है।

# परिवार के साथ वापस आ रहे किसान की कार से चोरों ने सोने चांदी से भरा बैग पार किया

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर। बांदा से अपनी रिश्तेदारी से परिवार सहित कार से लौट रहे किसान की कार से राजमार्ग में दिनदहाड़े चोर सोने चांदी व हजारों रुपयों से भरा पर्स ले भागे घटना की जानकारी मिलने के बाद कोतवाली पुलिस घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज के भरोसे आरोपियों को तलाश में जुट गई है। नगर में अपराधिक मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं पुलिस की निष्क्रियता के चलते अपराधी बेखौफ होकर दिनदहाड़े अपनी घटनाओं को अंजाम दे आम जनमानस के दिल में दहशत पैदा कर रहे हैं थाना क्षेत्र बिवांर के ग्राम पाटनपुर निवासी चंद्रमणि द्विवेदी पुत्र स्व श्याम जी द्विवेदी शुक्रवार की दोपहर अपनी रिश्तेदारी में बांदा से कार द्वारा अपनी पत्नी व पुत्री के साथ वापस अपने गांव पाटनपुर लौट रहा था तभी राजमार्ग हमीरपुर मार्ग पर वह राजू किराना वाले की दुकान पर अपनी कार रोक दुकान से सामान लेने लगा तभी उसकी पत्नी व बेटी भी कार से उतरकर राजू की दुकान में पहुंच गए उसी समय अज्ञात चोर ने उनकी कार का दरवाजा खोल उसमें रखा पत्नी का लेडीस पर्स पार दिया जब सामान लेकर दंपति वापस लौटे और कार से पर्स गायब देख उनके नीचे से जमीन खिसक गई उन्होने पर्स को गाड़ी में तलासने के बाद दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज में देखा तो उसमें एक युवक कार से पर्स निकालकर बड़े चौराहे की ओर भागता दिखाई दिया. पीड़ित ने 112 पुलिस को डायल कर सूचना दी जिस 112 पुलिस ने उन्हें कोतवाली जाकर मामले की शिकायत करने की सलाह दी। चंद्रमणि बताया कि चोरी गए पर्स में सोने के एक तोला के झुमके, एक तोला का मंगलसूत्र, सात ग्राम की सोने की अंगूठी व 100 ग्राम की चांदी की पायल के अलावा ?50000 नगद तथा एटीएम कार्ड के अलावा अन्य कागजात भी थे। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज के सहारे आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। बताते चलें कि नगर में अपराधिक मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं आए दिन हो रहे हत्या, लूट, चोरी व टप्पेबाजी की घटनाओं ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था की पोल को खोलकर रख दी है। पुलिस की निष्क्रियता के चलते अपराधी दिनदहाड़े अपनी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं जिससे आम जनमानस के दिल में दहशत घर करती जा रही है

# हिंदू समाज के लोगों ने विद्युत विभाग के खिलाफ खोला मोर्चा

### उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर कार्यवाही की उठाई मांग




अमन लेखनी समाचार

गरौठा,झांसी। विगत 13 जून 2025 को गुरसरांय रोड पर उदयभान के खेत से निकली 11000 बोल्टेज की हाइटेंशन लाइन के तार की चपेट में आने से 9 गौवंश की मौत से आक्रोशित हिन्दू संगठन के लोगों उपजिलाधिकारी गरौठा मनोज कुमार सरोज को ज्ञापन देते हुए विद्युत विभाग के अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है ।उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए हिंदू समाज के लोगों ने बताया की उक्त जगह पर हाइटेंशन लाइन जमीन से मात्र 2 फुट ऊपर लटकी हुई थी विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बार बार अवगत कराने के बाद भी विद्युत लाइन को ठीक नही किया गया जिससे 9 निर्दोष गौवंश की दर्दनाक मौत हो गई ।घटना के बाद विद्युत विभाग द्वारा आनन फानन में लाइन को सही करवा दिया गया ।यदि विद्युत विभाग पहले चेत गया होता तो इस प्रकार की घटना घटित नहीं होती ।ज्ञापन के माध्यम से हिंदू समाज के लोगों ने उक्त घटना की उच्च स्तरीय व निष्पक्ष जांच करवाते हुए विभाग के दोषी अधिकारियों के विरुद्द कार्यवाही की मांग की है ।ज्ञापन देने वालों में सोनू विश्वकर्मा, आसू ठाकुर,अमित सेंगर, आशीष परिहार,रोहित कुमार, शिवम, विशाल पटसारिया, वैभव,लव परिहार, मयंक नामदेव,बॉबी ठाकुर, भूपेंद्र सेंगर आशीष सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## कंडौर गांव में नलियों में भरा पानी



अमन लेखनी समाचार

कुरारा,हमीरपुर। विकास खंड क्षेत्र के कंडौर गांव में नालियों की सफाई व्यवस्था न होने के कारण रास्ते में जलभराव हो रहा है। जिससे ग्रामीणों को पानी से होकर निकलना पड़ रहा है। क्षेत्र के कण्डोर गांव में ग्रामीणों के आवागमन के मेन रास्ते में पहली बरसात में जलभराव हो जाने से लोगो को पानी से होकर निकलना पड़ रहा है। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव निवासी मनोज कुमार, अरविंद कुमार, रमेश चंद, विकास आदि ने बताया कि गांव में नाली का निर्माण कराया गया है। लेकिन पहली बरसात में नाली ध्वस्त जो जाने से पानी रास्ते में भर गया है। गांव में सफाई व्यवस्था भी ध्वस्त हो गई है। जलभराव होने से लोगो को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जलभराव की समस्या का समाधान कराए जाने की मांग की है

## दबंगों ने दुकानदार को बेरहमी से पीट कर किया लहूलुहान

अमन लेखनी समाचार

राठ, हमीरपुर। क्षेत्र के जरिया थाना अंतर्गत गोहांड तिगैला में चार दबंग युवकों ने एक दुकानदार के साथ गाली गलौज करते हुए उसकी बेरहमी से पिटाई कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद पीड़ित दुकानदार ने जरिया थाने में लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। जरिया थाना क्षेत्र के गोहांड के निवासी मुकेश सैनी पुत्र रमेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि कल गुरुवार की शाम गोहांड तिगैला में अपनी दुकान पर बैठा हुआ था तभी उसी दौरान गोहांड के निवासी अखिलेश और पवन के अलावा दो अज्ञात व्यक्ति उसके दुकान पर आकर उसे गालियां देने लगे। जब उसने गाली गलौज करने का विरोध किया तो उक्त चारों व्यक्तियों ने उसकी जमकर पिटाई कर उसे घायल कर दिया ।घटना के बाद उसने जरिया थाने में लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

## बारिश से कच्चा मकान ढहा गृहस्थी तहस नहस

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। बृहस्पतिवार को देर शाम हुई झमाझम बारिश के चलते सुरौली बुजुर्ग के मजरा बड़ा कछार में कच्चा मकान ढह जाने से गृहस्थी तहस नहस हो गई। जिससे गृहस्वामी को 50000 से अधिक की क्षति होने का अनुमान है बृहस्पतिवार को देर शाम हुई जोरदार बारिश के चलते बड़ा कछार निवासी बलबीर का कच्चा मकान ढह गया। उनके पुत्र अनिल ने बताया कि घटना के समय पिता अंदर लेटे हुए थे। वह बाल बाल बच गए।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



स्वास्थ्य

युविका धर योग प्रशिक्षक

बच्चो, अगर तुम्हें फिजिकली-मेंटली फिट एंड हेल्दी रहना है तो अपने डेली रूटीन में योगाभ्यास को जरूर शामिल करो। योगासन, बॉडी पोश्चर को सुधारने के साथ-साथ हमें टेंशनफ्री और रिलैक्स रखते हैं। यहां हम तुम्हारे लिए कुछ योगासनों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें तुम आसानी से कर सकते हो, ये बहुत प्रभावी भी हैं।

# ये योगासन तुम्हें रखेंगे फिट एंड हेल्दी



### सुखासन

**इसे करने** के लिए अपने पैरों को क्रॉस करके और पीठ को सीधा करके जमीन पर बैठ जाओ। अपने हाथों को अपने हृदय के मध्य में या घुटनों पर रखो। अब आंखें बंद करके धीरे-धीरे गहरी सांस लो और धीरे-धीरे छोड़ो।

**लाभ:** सुखासन करने से एकाग्रता यानी कंसंट्रेशन बढ़ाने में मदद मिलती है। तुम जो भी काम करते हो वह जल्दी और बहुत अच्छे से हो जाता है। *

### बद्धकोणासन



**इसे बाउंड** एंगल पोज या तितली मुद्रा भी कहा जाता है। बच्चो, इस आसन को तुम आराम से कर सकते हो। इसे करने में तुम्हें मजा भी आएगा। बद्धकोणासन करने के लिए सबसे पहले अपनी पीठ सीधी और पैरों को चौड़ा करके बैठ जाओ। अब पैरों को मोड़कर तलवों को एक-दूसरे के सामने रखकर पैरों से तितली की तरह फ्लाइंग मूवमेंट करो।

**लाभ:** इस आसन को करने से डाइजेशन सही रहता है। अगर पीठ का दर्द है तो इससे राहत मिलती है और मूड भी अच्छा बना रहता है। *

### मार्जरी आसन (बिल्ली मुद्रा)



**मार्जरी आसन** करने के लिए अपनी कोहनियों, कंधों और कलाइयों को सही पोजिशन में रखते हुए, अपने हाथों और घुटनों के बल टिक कर अपनी पीठ को झुकाओ और एक बिल्ली की तरह पोज बनाओ फिर 30 सेकंड तक इसी पोजिशन में रुको। बच्चो, इस योग को करने में तुम्हें बहुत मजा भी आएगा।

**लाभ:** इस मजेदार आसन को करने से तुम्हारी पीठ की मसल्स मजबूत बनेंगी। साथ ही इससे तुम्हारा पोश्चर भी सुधरा रहेगा, तुम स्मार्ट दिखोगे। *

### वीरभद्रासन



**इस आसन** को 'वॉरियर पोज' यानी 'योद्धा मुद्रा' भी कहते हैं। वीरभद्रासन करने के लिए एक पैर को आगे बढ़ाकर ऊंची छलांग लगाने वाली मुद्रा में खड़े हो और सामने वाले घुटने को 90 डिग्री के कोण पर मोड़ो। अपने पिछले पैर को जमीन पर 45 डिग्री के कोण पर सीधा रखो। सांस बाहर छोड़ो और कुछ देर तक रोक कर रखो। इस आसन को करते हुए तुम अपने आप को स्ट्रॉन्ग और बैलेंस्ड फील करो।

**लाभ:** यह आसन तुम्हें भीतर से मजबूत बनाएगा। इसे करने से तुम्हारा आत्मविश्वास बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ने पर तुम कभी किसी काम के लिए ना नहीं कहोगे, तुम्हारी छवि एक योग्य व्यक्ति के रूप में बनेगी। *

### उत्कटासन



**इस आसन** को चेयर पोज भी कहा जाता है। उत्कटासन करने के लिए अपनी भुजाओं को सिर के ऊपर उठाओ, गहरी सांस लो और अपने घुटनों को आगे लाओ। अपनी जांघों को जमीन के समानांतर रखो। एक मिनट तक इसी पोजिशन में रुको फिर धीरे-धीरे पहले जैसी स्थिति में आ जाओ।

**लाभ:** उत्कटासन करने से तुम्हारे पैर की मसल्स मजबूत बनेंगी। तुम्हारी बैलेंसिंग केपेसिटी बढ़ेगी। साथ ही तुम्हारी मेंटल हेल्थ भी बेहतर रहेगी। *

### वृक्षासन



**इस आसन** को करने के लिए, अपने हाथों को बगल में रखकर सीधे खड़े हो जाओ। अपना वजन एक पैर पर डालो और दूसरे पैर को उठाकर अपनी जांघ, टखने या पिंडली पर टिका दो। अपनी हथेली को आपस में एक साथ मिलाकर छाती से दबाते हुए अपने सिर के ऊपर उठाओ। कुछ समय तक इसी पोजिशन में रुको फिर सामान्य हो जाओ।

**लाभ:** वृक्षासन से शरीर का संतुलन बनाए रखने में मदद मिलती है। इससे हमारा शरीर चुस्त-दुरुस्त रहता है। *

● प्रस्तुति: शिखर चंद जैन

# नियमित करो योग रहो स्वस्थ-निरोग

हर कोई शरीर और मन से स्वस्थ, निरोग रहना चाहता है। इसके लिए हमें योग जरूर करना चाहिए। योग का हमारे शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य पर बहुत ही अच्छा प्रभाव पड़ता है। बच्चो, जानो योग करने के क्या-क्या फायदे होते हैं।



सलाह

राकेश चक्र

योग का जन्मदाता अपना देश भारत है। योग भारत में तो लोकप्रिय है, आज इसे विश्व के अन्य देश भी अपना रहे हैं। योग हमारे तन-मन दोनों को ही स्वस्थ रखने का बहुत प्रभावी माध्यम है। इसलिए हर वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। योग के क्या-क्या लाभ हैं, इसकी जानकारी हर बच्चे को होनी चाहिए, जानो।

**स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी:** नियमित योग करने से हम स्फूर्तिवान बनते हैं। शारीरिक ही नहीं, मानसिक रूप से मजबूत बनते हैं। हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, हमारा शरीर निरोगी रहता है।



**बढ़ती है कार्यक्षमता:** चूंकि योग से हम स्वस्थ रहते हैं, इसलिए हमारी कार्यक्षमता बढ़ती है। इससे मन एकाग्रचित्त रहता है, याददाश्त बढ़ती है, बुद्धि तेज होती है। इस कारण हम अपने सभी काम जल्दी और बेहतर ढंग से कर पाते हैं। योग हमारी रचनात्मकता को बढ़ाता है। यह हमें शारीरिक गतिविधियों के प्रति जागरूक करता है, जिससे हम स्वस्थ रहते हैं।

**बढ़ता है आत्मविश्वास:** योग हमारे स्वास्थ्य को बेहतर रखने में सहायक रहता है। अगर इसे नियमित किया जाए तो इससे हमारा आत्मविश्वास यानी कॉन्फिडेंस बढ़ता है। बच्चो, हमारा कॉन्फिडेंस मुश्किल से मुश्किल काम को आसानी से करने का हौसला देता है। हम अपना काम सही ढंग से करने में सफल होते हैं।

**प्रकृति से जोड़ता है:** प्रायः योग किसी खुले स्थल जैसे पार्क आदि में किया जाता है, इसलिए इसे करने के दौरान हम प्रकृति के करीब आते हैं। योग की विभिन्न मुद्राएं, जैसे- हंस मुद्रा (हंस की तरह मुद्रा), वृक्षासन (पेड़ की तरह स्थिर कद), सिंहासन (शेर की तरह), मंडूकासन (मेंढक की तरह) आदि ऐसे आसन हैं, जो हमें प्रकृति को समझने का अवसर देते हैं, हमें प्रकृति से जोड़ते हैं। ये आसन पशु-पक्षियों एवं प्रकृति से ही सीख कर, प्रेरित होकर हमारे ऋषि-मुनियों द्वारा अपनाए गए हैं।

**दूर होती है हीन भावना:** जब लोग किसी दूसरे से खुद की तुलना करते हैं तो कई बार उनके मन में हीन भावना घर कर जाती है। इस तरह की हीन भावना उनकी सफलता में बाधक बनती है। योग हमें हीन भावना जैसे नकारात्मक विचारों से दूर रखता है। योग हमें खुद को बेहतर बनाने और बिना किसी से तुलना किए, अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने में मदद करता है। योग आलस्य से दूर रखकर हमें परिश्रमी और जागरूक बनाता है।

बच्चो, इन सबके अलावा भी योग के अनेक फायदे हैं, जो तुम योग करते-करते खुद ही महसूस करोगे। योग तुम्हें शारीरिक-मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाकर हर दिन बेहतर बनने में मदद करता है। योग तुम्हारी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इसलिए अपनी दिनचर्या में योग को जरूर शामिल करो। *

---

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## रोचक विज्ञान कथाएं

कई बच्चे विज्ञान को बहुत कठिन विषय मानते हैं, उसके नियम और सिद्धांत उन्हें आसानी से समझ में नहीं आते हैं। लेकिन वास्तव में ऐसा है नहीं। विज्ञान को अगर मजेदार तरीके से पढ़ा और प्रायोगिक तौर पर समझा जाए तो यह तुम्हें सबसे रोचक विषय लगेगा। प्रसिद्ध विज्ञान कथा लेखक देवेंद्र मेवाड़ी द्वारा लिखी पुस्तक 'सुनो बात विज्ञान की' में संकलित दस कहानियां पढ़कर तुम इस बात को जरूर मानोगे। इस किताब में तुमको विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी बहुत ही रोचक कहानी के जरिए पढ़ने को मिलेगी। इन सभी कहानियों के मुख्य पात्र देवीदा, विज्ञान के बहुत अच्छे जानकार हैं, जो अपने आस-पड़ोस में रहने वाले कुछ बच्चों को विज्ञान से जुड़ी जानकारियां खिलंदड़े अंदाज में देते हैं। ये बच्चे (मानसी, गार्गी, नंदू, चेतन, विक्रम, सौरभ, शेफाली, विवेक आदि) अपने मन की सारी जिज्ञासाएं बेझिझक देवीदा से पूछते हैं, जिन्हें वे व्यावहारिक प्रमाण देकर उन्हें समझाते हैं। इन कहानियों में तुम चंद्रमा पर भारत के सफल चंद्रयान-3 मिशन के बारे में, धूमकेतुओं के बारे में, बिजली के आविष्कार के इतिहास के बारे में, पेड़-पौधों की महत्ता के बारे में, ऋतु चक्र में वसंत के महत्व के बारे में, जुगनुओं, पक्षियों, आलू की कहानी समेत प्राकृतिक आपदा सुनामी और होली पर नकली रंगों के इस्तेमाल से नुकसान के बारे में पढ़ सकते हो। इन्हें पढ़ने के दौरान तुम्हें जरा भी बोरियत नहीं महसूस होगी और तुम बहुत कुछ नया जान-समझ जाओगे। *



**किताब:** सुनो बात विज्ञान की, **लेखक:** देवेंद्र मेवाड़ी, **मूल्य:** 125 रुपए, **प्रकाशक:** साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली



कहानी

संतोष उत्सुक

आभास को अपने दोस्तों की देखा-देखी जंक फूड्स खाने का शौक हो गया। देखते-देखते उसका वजन बढ़ गया, वह मोटा दिखने लगा। मम्मी को चिंता हुई तो उन्होंने आभास को टोका, पापा ने भी उसे समझाया। क्या आभास पर अपने मम्मी-पापा के समझाने का कोई असर हुआ?

# भगाया मोटापा!



आभास के पापा का ट्रांसफर दूसरे शहर में हो गया था। नए शहर में आकर वह बहुत खुश और उत्साहित था। नए घर में शिफ्ट होने के बाद पापा ने आभास से कहा, 'बेटा, तुम्हें एक बड़े और अच्छे शहर में रहने का फायदा उठाना चाहिए। पढ़ाई, खेलकूद और अन्य गतिविधियों में भी हिस्सा लेना चाहिए। तुम्हारे नए स्कूल में ये सभी सुविधाएं उपलब्ध भी हैं। तुम इनका फायदा उठाओ।'

आभास का स्कूल जाना शुरू हुआ तो नए सहपाठी मिले, जिनमें से कई उसके मित्र बन गए। आभास के कई सहपाठी तो पड़ोस में ही रहते थे। स्कूल के बाद रोजाना सभी मिलते थे। आभास के कई मित्र, तरह-तरह की चीजें खाने के बहुत शौकीन थे। आपस में पढ़ाई-लिखाई के साथ मनपसंद चीजें खाने की बातें भी होती थीं। उन्हें जंक फूड्स बहुत पसंद थे। स्कूल के आस-पास जंक फूड के कई आउटलेट्स खुले हुए थे। स्कूल टाइम के बाद बच्चे मोमोज, स्प्रिंग रोल, चाऊमिन, पिज्जा, बर्गर और भी कई ऐसी चीजें मजे से खाते थे।

आभास पहले जंक फूड कभी-कभार ही खाता था, क्योंकि जहां वह रहता था, ये चीजें कम ही मिलती थीं। वह तरह-तरह की चीजें खाने का बहुत शौकीन था, इसलिए जब उसे ये चीजें रोज खाने को मिलने लगीं तो उसकी जुबान पर इनका स्वाद चढ़ गया। ज्यादा समय नहीं लगा, इन्हें खाकर उसका वजन बढ़ गया। दो महीने में ही आभास का पेट निकल आया। कुछ दिन बाद कमीज के निचले बटन मुश्किल से बंद होने लगे। कमर पर पैंट कसने लगी। एक दिन मम्मी ने कहा, 'बेटा, मुझे पता है तुमने जंक फूड ज्यादा खाना शुरू कर दिया है। तुम्हारा वजन बढ़ रहा है। यह अच्छी बात नहीं है। अपनी हेल्थ का ध्यान रखो।'

आभास बोला, 'मम्मी, आपको पता तो है मुझे मोमोज, पास्ता, पिज्जा, बर्गर और चाऊमीन बहुत पसंद हैं। पहले ये चीजें मैं कहां खा पाता था, अब चांस मिला है।'

मम्मी ने समझाया, 'बेटा, तुम पहले कभी-कभी खाते थे तो तुम्हारे शरीर पर ज्यादा असर नहीं होता था। तुम्हारा स्कूल भी घर से दूर था। पैदल भी खूब चलते थे। यहां स्कूल पास है और जंक फूड की दुकानें भी हैं। तुम अपना ध्यान रखो, नहीं तो मोटे होते जाओगे।'

आभास ने मम्मी की चेतावनी पर ध्यान नहीं दिया। नतीजा यह हुआ कि उसका वजन और ज्यादा बढ़ गया। कभी-कभार उसके मन में आता कि आज नहीं खाएगा, लेकिन अपने सहपाठियों के कहने और दुकान से आ रही खुशबू के कारण, वह ललचा जाता फिर जाकर वह खा लेता। जंक फूड खाने से उसे सुस्ती आने लगी। वह सुबह भी देर से उठता।

एक दिन फिर मम्मी ने आभास को चेताया कि वह मोटा होता जा रहा है। वह बोला, 'मम्मी, मैं अपनी हेल्थ का ध्यान दूंगा। मैं योग करके अपना बढ़ा हुआ पेट कम कर लूंगा।' लेकिन कई दिन बीतने पर भी जब आभास ने कुछ नहीं किया तो मम्मी ने चिंता से पापा से बात की।

रविवार को पापा ने आभास को अपने पास बुलाया और समझाया, 'बेटा, जंक फूड खाने से तुम मोटे हो रहे हो। तुम्हारा पेट बाहर निकल गया है। मोटापा एक बार आ जाए तो वापस मुश्किल से जाता है। अगर विद्यार्थी जीवन से ही संतुलित खाना खाया जाए और योग-व्यायाम किया जाए तो शरीर चुस्त रहता है। बेटा, मोटापा कई बीमारियों का कारण है। अच्छे स्वास्थ्य का कोई विकल्प नहीं। तुमको अनुशासन में रहकर खाना चाहिए ताकि पसंद का सब कुछ खा सको और वजन भी न बढ़े। बेटा, मुझसे वायदा करो कि नियमित योग करोगे, बढ़ा हुआ वजन एक महीने में कम कर लोगे।'

आभास को अपने पापा की बात, समझ में आ गई। उसने पापा से वायदा किया कि वह जंक फूड खाना बिल्कुल बंद कर देगा। अपना वजन घटाने और पेट अंदर करने के लिए रोजाना योग-व्यायाम करेगा।

सोमवार को स्कूल जाते समय आभास ने जंक फूड की दुकानों की तरफ देखा तक नहीं। उसने पक्का निश्चय कर लिया था कि अब उसे अपना वजन कम करना है। कुछ दिन बाद उसका वजन कम भी होने लगा। वह मन ही मन यह सोचकर खुश होता कि बहुत जल्दी अपने मोटेपे को घटा लेगा, फिट और फुर्तीला नजर आएगा। *

कविता

सूर्यकुमार पांडेय



## योग करें बन जाएं भीम

पापा बोले, 'योग करो तो,
दूर भागते रोग।
तन-मन की दिक्कतें मिटाए,
काया बने निरोग।'
एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य-
इस वर्ष के लिए थीम।
योग करे जो भी दुनिया में,
वह बन जाए भीम।'
मैं बोला, 'प्यारे पापा!
फिर चलो सिखाओ योग।
मैं भी रोज करूंगा,
कर के मुझे दिखाओ योग।'
योग दिवस इक्कीस जून को,
मना रहा संसार।
'एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य',
की गूंज रही जयकार।
अब पापा के साथ बैठकर,
मैं करता हूं योग।
देखा-देखी योग कर रहे,
घर के सारे लोग।

## जीके क्विज-158

1. हाल ही में किस पूर्व भारतीय कप्तान को आइसीसी के 'हॉल ऑफ फेम' में शामिल किया गया है?
2. जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर कौन थे?
3. एशिया का सबसे बड़ा ट्यूलिप गार्डन किस राज्य में स्थित है?
4. प्रसिद्ध लक्ष्मण मंदिर किस राज्य में स्थित है?
5. शुष्क बर्फ किस गैस के ठोस रूप को कहते हैं?
6. हमारे शरीर के बालों में कौन सा प्रोटीन पाया जाता है?
7. हल्दी घाटी का युद्ध कब हुआ था?
8. भारत में नेशनल डॉक्टर्स डे कब मनाया जाता है?
9. सफेद सोना (व्हाइट गोल्ड) किस धातु को कहा जाता है?
10. एवरेस्ट के शिखर तक पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला कौन थी?



**जीके क्विज-157 का उत्तर:** 1.शतरंज, 2.कनाडा, 3.एनालेना बैरबॉक, 4.सुभाष चंद्र बोस, 5.ओडिशा, 6.मेगास्थनीज, 7.ओटावा, 8.विटामिन ए, 9.बैकाल, 10.किडनी

**जीके क्विज-157 का सही उत्तर देने वाले:** आशीष-दुर्ग, सौम्या-रायपुर, सागर-बिलासपुर, हिमांशु-बिलासपुर, गोल्डी-भोपाल, चेतन-रोहतक, कबीर-हिसार, गोदावरी-ईमेल से, चैतन्य-महासमुंद, राजन-बालोद, काव्या-दुर्ग

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां योग दिवस से जुड़े एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। इन चित्रों में छह अंतर हैं। तुम्हें ये सारे अंतर पांच मिनट में खोज कर बताने हैं, तो देर किस बात की, फटाफट सारे अंतर खोजो।





उत्तर : 1. सबसे आगे बैठकर योग कर रहे लड़के की टी-शर्ट का कलर बदला हुआ है। 2.नीचे बाईं तरफ एक फूल कम दिख रहा है। 3.ऊपर बाईं तरफ आकाश में दो की बजाय चार पंछी उड़ रहे हैं। 4.दाईं तरफ घर के ऊपरी हिस्से में दो वेंटिलेशन विंडो दिख रहे हैं। 5.दाहिनी तरफ घर के थोड़ा ऊपर एक मधुमक्खी दिख रही है। 6.नीचे दाईं तरफ तितली गायब है।

## रास्ता खोजो

बच्चो, ऋषि के दोस्त पार्क में योगाभ्यास कर रहे हैं, उसे इनके पास योगाभ्यास के लिए पहुंचना है। लेकिन पार्क तक पहुंचने का रास्ता बहुत टेढ़ा-मेढ़ा है। तुम ऋषि को अपने दोस्तों तक पहुंचने का रास्ता बताओ तो जरा।

